विचार
“ सच्ची कविता समझे जाने से पहले ही संवाद कर सकती है ”
टी.एस. इलियट...

दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र
D Edition
Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com
सत्यमेव परं श्रुतम्
Bharattimesnews01@gmail.com



पेज 2

वर्ष- 2 | अंक-300 | दिल्ली, सोमवार 9 दिसम्बर 2024 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित



## दिल्ली के बाद मुंबई की हवा हुई जहरीली, सांस संबंधी शिकायतें बढ़ी

**इस बढ़ते प्रदूषण के कारण कई लोगों की सांस संबंधी शिकायतें बढ़ गई हैं। इसलिए प्रशासन अपील कर रहा है कि नागरिक समय रहते सावधानी बरतें।**

**मुंबई।** बढ़ते औद्योगिकीकरण, कारखाने, शहरीकरण, निर्माण धूल, वाहन उत्सर्जन और अपशिष्ट उपचार संयंत्र मुंबई समेत राज्य भर में प्रदूषण बढ़ा रहे हैं। इसी तरह पिछले कुछ दिनों में दिल्ली का प्रदूषण भी बढ़ गया है। इसके बाद अब मुंबई ने भी प्रदूषण को लेकर खतरे की घंटी बजा दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में प्रदूषण का मौजूदा एक्यूआई 350 है। यही आंकड़ा मुंबई के कुर्ला इलाके में दर्ज हुआ है। इस बढ़ते प्रदूषण के कारण कई लोगों की सांस संबंधी शिकायतें बढ़ गई हैं। इसलिए प्रशासन अपील कर रहा है कि नागरिक समय रहते सावधानी बरतें। दरअसल मुंबई के कुछ उपनगरों में प्रदुषण का स्तर अत्यधिक बढ़ गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रदूषण का स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ने की संभावना है और स्थानीय उपायों की तत्काल आवश्यकता है। स्वास्थ्य के लिहाज से यह स्थिति मुंबईकरों के लिए बहुत खराब है। मुंबई के कुर्ला इलाके का एक्यूआई फिलहाल 350 है। ये आंकड़ा दिल्ली के प्रदूषण के बराबर है। बढ़ते प्रदूषण के कारण कई लोगों की सांस संबंधी शिकायतें बढ़ गई हैं। जो लोग इसका खर्च उठा सकते हैं वे घर पर एयर प्यूरिफायर लगा रहे हैं। विशेष रूप से, शिवाजीनगर (चेंबूर), कांदिवली और देवनार को मुंबई में महत्वपूर्ण प्रदूषण केंद्रों के रूप में पहचाना गया है। एक्रॉस इंडियन मेट्रोपोलिज रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्माण धूल, वाहन उत्सर्जन और अपशिष्ट उपचार संयंत्र यहां प्रदूषण के प्रमुख कारण हैं। नवंबर 2024 के दौरान, मुंबई में 27 वायु प्रदूषण निगरानी स्टेशन सक्रिय थे। मुंबई में शिवाजीनगर, कांदिवली पश्चिम और मलाड पश्चिम सबसे प्रदूषित क्षेत्र बनकर उभरे हैं। यह रिपोर्ट क्लाइमेट टेक प्लेटफॉर्म रेस्पायरर लिविंग साइंसेज (आरएलएस) द्वारा प्रस्तुत की गई है। आरएलएस हाइपरलोकल वायु गुणवत्ता निगरानी के माध्यम से पारंपरिक तरीकों से नजरअंदाज किए गए प्रदूषण हॉटस्पॉट का विश्लेषण प्रस्तुत करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाइपरलोकल मॉनिटरिंग प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अधिक विशिष्ट और स्थानीयकृत उपायों को सक्षम बनाएगी।

### न्यूज. ब्रीफ

#### नाबालिग बच्चों के यौन शोषण करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कम आयु वर्ग के बच्चों के लिए संचालित कोचिंग सेंटर के तीन लड़कों का कथित रूप से यौन शोषण करने के आरोप में 35 वर्षीय शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने कथित तौर पर लड़कों को मालिश करने के लिए मजबूर किया, उन्हें गलत तरीके से छुआ और उनके अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्व्यवहार का मामला तब सामने आया जब नौ से 15 वर्ष की आयु के लड़कों ने सितंबर में अपनी कक्षाएं छोड़कर केंद्र में लौटने से मना कर दिया। आखिरकार, एक पीड़ित ने अपने परिवार को सारी बात दी।

#### गाय के दूध में संक्रमण, दूध की आपूर्ति की जांच के आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सरकार ने डेयरी गायों में वायरस के प्रसार की निगरानी के लिए देश की दूध आपूर्ति की बर्ड फ्लू के लिए जांच का आदेश दिया है। अमेरिका के कृषि विभाग ने कहा कि 16 दिसंबर से देशभर में डेयरी फार्मों और प्रोसेसर से कच्चे या बिना पाश्चुरीकृत दूध का अनुरोध किए जाने पर परीक्षण किया जाना चाहिए। परीक्षण छह राज्यों–कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मिशिगन, मिसिसिपी, ओरेगन और पेंसिल्वेनिया में शुरू होगा। अधिकारियों ने कहा कि इसका उद्देश्य टाइप–ए एच5एन1 के रूप में जाने जाने वाले वायरस को रोकना और अंततः समाप्त करना है, जिसे पहली बार मार्च में अमेरिकी डेयरी गायों में पाया था। तब से 15 राज्यों में 700 से ज्यादा झुंडों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अमेरिका के कृषि सचिव ने कहा कि इससे खेतों और खेत मजदूरों को अपने पशुओं की सुरक्षा और खुद को बचाने की क्षमता में बेहतर आत्मविश्वास मिलेगा।

#### ईवीएम के मुद्दे पर शनिवार को किया विरोध, रविवार को ले ली विपक्षी विधायकों ने शपथ

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन रविवार को विपक्ष के 105 विधायकों ने शपथ ली। इन सभी ने ईवीएम के मुद्दे पर 7 दिसंबर को शपथ लेने से इंकार कर सदन से वॉकआउट कर दिया था। कांग्रेस के नाना पटोले, विजय वडेट्टीवार और अमित देशमुख, एनसीपी–एसपी नेता जितेंद्र अव्हाड, शिवसेना यूबीटी के आदित्य ठाकरे ने सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही शपथ ली। शनिवार को 173 विधायकों ने शपथ ली थी। इसमें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी और रईस शेख भी शामिल रहे। अब बाकी बचे 9 विधायक सोमवार को शपथ ले सकते है।

#### सोशल मीडिया पर प्यार हुआ...हकीकत में 60हजार रुपये की धोखाधड़ी निकाला

चंडीगढ़। सोशल मीडिया पर प्यार हुआ और शादी के लिए दूल्हा बारात लेकर पहुंचा तब वहां न दुल्हन मिली न मैरिज होम मिला। पंजाब के जालंधर निवासी दीपक छह साल से दुबई में नौकरी करता है। तभी मनप्रीत कौर नाम की लडकी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हो गई, जो धीरे–धीरे प्यार में बदल गई और दोनों ने शादी करने का फैसला कर लिया। हालांकि दोनों न कभी मिले और न ही एक–दूसरे को देखा। मनप्रीत की ओर से 2 दिसंबर शादी की तारीख तय हो गई। दीपक एक माह पहले ही दुबई से अपने गांव मड़ियाला आ गया। वह शादी की तैयारी कर रहा था कि 29 नवंबर को मनप्रीत का फोन आया कि उसके पिताजी की तबीयत ठीक नहीं है।

# दो बूंद हर बार, पोलियों पर जीत बरकरार

## मुख्यमंत्री ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर शुरू किया अभियान

### 38 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की दवा



***भोपाल।*** *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पल्स पोलियो के प्रति जागरूकता ही बचाव का पहला कदम है। भारत पोलियो मुक्त देशों में से एक है परन्तु पोलियो मुक्त बने रहने के लिए पोलियो की दो बूंद का उपयोग अवश्य करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में पल्स पोलियो के राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चें जुड़वा बहनें अर्निका और अनाया राय, कनिष्का, नियति, अर्थ और समर्थ को दवा पिलाई। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य संदीप यादव, डब्ल्यू.एच.ओ. के प्रतिनिधि सहित गणमान्य उपस्थित थे।*

#### 38 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 3 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 8 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस अवधि में 38 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान की सार्थकता तभी है जब कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रह जाए। उच्चतम रिहायशी इलाकों से ईंट भट्टे, क्रेशर, निर्माण स्थल, घुमक्कड़ आबादी और झुग्गी बस्तियों में भी पोलियो की दवा पिलाने के लिए मोबाइल टीमें घर-घर, गली-गली जाकर अपने लक्ष्य को पूरा करेंगी। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि सजग माता-पिता होने का परिचय दें और अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क पल्स पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं।

#### दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत बरकरार

दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत बरकरार की भावना से प्रदेश के 16 जिलों में यह अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर विश्व स्तरीय विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा के प्रति प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त करता हूँ।

#### पोलियो लाइलाज, बचाव जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पोलियो लाइलाज बीमारी है, जो बच्चों में दिव्यांगता का प्रमुख कारण है। बच्चों को डबल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दो बूंद जिन्दगी की खुराक हर बार पिलाई जाना जरुरी है। पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत वर्ष 1995 से हुई थी, जिसका उद्देश्य भारत को सतत पोलियो मुक्त बनाए रखना है। परन्तु कुछ सीमावर्ती देशों में पोलियो के पॉजिटिव प्रक ?ण सामने आए है। इन्हें देखते हुए हमें पोलियो के विरुद्ध गंभीरता से लड़ना होगा। हमने अधिक संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर, योजनाबद्ध रूप से पल्स पोलियो अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि भिंड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, इन्दौर, कटनी, खरगौन, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़ और विदिशा में अभियान का अतिरिक्त चरण आयोजित किया गया हैं।

## सीरिया को लेकर ईरान का टूटा सपना

### बदलते घटनाक्रम से इजराइल, इराक, जॉर्डन को भी होने लगी टेंशन

**दमिश्क।** सीरिया में गृह युद्ध के बीच राष्ट्रपति बसर अल असद की सरकार की विदाई हो गई है। विद्रोही गुटों ने अलेप्पो और होम्स जैसे शहरों पर कब्जा कर लिया है और दमिश्क की तरफ कूच कर गए हैं। विद्रोही गुटों की ओर से तो दमिश्क पर कब्जे और असद के देश छोड़कर भाग जाने का ऐलान कर दिया गया है। सीरिया में बदलते घटनाक्रम ने तुर्की, ईरान, इजराइल, जॉर्डन, इराक जैसे देशों को टेंशन में डाल दिया है। ईरान की चिंता असद सरकार गिरने से बढ़ सकती है। ईरानी सरकार लंबे समय से सीरिया में असद को मदद पहुंचाती रही है और सीरिया उसके लिए बेहद अहम है। सीरिया गृह युद्ध पर विशेषज्ञों का मानना है कि अगर असद की सरकार गिरती है तो ये ईरान के लिए बड़ा झटका होगा। इससे उसकी इजराइल के खिलाफ पूरे पश्चिम एशिया में शिया लड़ाकों वाली मिलिशिया खड़ी करने की योजना ध्वस्त हो सकती है। ईरान ने लंबे समय से सैन्य और आर्थिक मदद सीरिया को की है। ऐसे में मौजूदा घटनाक्रम उसके लिए सपना टूटने जैसा है।

## तीन लोगों पर जानलेवा हमला करने वाले तेंदुए को बेहोश कर पकड़ा...



**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के विद्याधर नगर इलाके में तब हड़कंप मच गया जब एक तेंदुए ने तीन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। घंटों के अभियान के बाद तेंदुए को बेहोश कर पकड़ा गया। वन विभाग के अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। उप वन संरक्षक जगदीश गुप्ता ने बताया कि विद्याधर नगर में एक तेंदुए के घुसने की सूचना मिली जिसके बाद तलाशी अभियान के दौरान तेंदुआ सीपीडब्ल्यूडी के सरकारी अतिथि गृह के बगीचे में मिला। उन्होंने बताया कि तेंदुआ सड़क पर आया और तीन लोगों पर हमला कर दिया। इलाके में भीड़ जमा हो गई और जानवर का पीछा कर उसका वीडियो बनाने लगी। वन विभाग के अलावा पुलिस और नागरिक सुरक्षा दल भी मौके पर पहुंच गया। बाद में तेंदुए को बेहोश कर पकड़ लिया गया।

## लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जयपुर पहुंचे



**जयपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी खेड़ा पति बालाजी (सामोद) आश्रम धाम में आयोजित हो रहे कांग्रेस के ह्यनेतृत्व संगमह्व (प्रशिक्षण शिविर) में भाग लेने के लिए रविवार सुबह एक दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, उपनेता प्रतिपक्ष रमेश मीणा ने जयपुर हवाई अड्डे पर राहुल गांधी का स्वागत किया। कांग्रेस का यह प्रशिक्षण शिविर हर साल आयोजित किया जाता है। दो साल पहले माउंट आबू में भी यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। पार्टी नेताओं के अनुसार, इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर से कांग्रेस के चुनिंदा नेता पहुंच रहे हैं। प्रदेश के कांग्रेस नेताओं को प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने की अनुमति नहीं है।

## नारायण मूर्ति ने खरीदा आलीशान फ्लैट, विजय माल्या से सीधा कनेक्शन



**बेंगलुरु।** आईटी कंपनी इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने बेंगलूरु के किंगफिशर टावर्स में आलीशान फ्लैट खरीदा है। 16वीं मंजिल पर बने अपार्टमेंट की कीमत 50 करोड़ रुपए है। 4.5 एकड़ में बने 34 मंजिला किंगफिशर टावर्स में 81 फ्लैट हैं। खास बात ये है कि यह टावर जहां बना है, वहां पहले विजय माल्या का पैतृक घर था। इस फ्लैट में चार बेडरूम और पांच कार पार्किंग हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सौदा 59, 500 रुपए प्रति वर्ग फुट में हुआ है। जिस फ्लैट को नारायण मूर्ति ने खरीदा है, वह दस साल से किसी कारोबारी के पास था। नारायण मूर्ति इसके पहले भी 2002 में बेंगलूरु में एक आलीशान फ्लैट खरीदा था, जिसकी कीमत करीब 100 करोड़ रुपए आंकी गई थी है। इसके पहले नारायणमूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति ने चार साल पहले 23वीं मंजिल पर 29 करोड़ रुपए में फ्लैट खरीदा था।

### प्रदेश में बढ़े तलाक के मामले, मुख्य वजह सोशल मीडिया

## पत्नी रिल्स बनने के लिए रोज नए कपड़े खरीदती




**भोपाल।** भोपाल के कुटुंब न्यायालय (फैमिली कोर्ट) ने 28 नवंबर को एक पति-पत्नी को आपसी रजामंदी से तलाक दे दिया। उनकी शादी 12 साल पहले हुई थी और दोनों का एक बेटा भी है। लेकिन तलाक की वजह जानकार आप हैरान हो जाएंगें। तलाक की वजह सोशल मीडिया रील्स है। पति को पत्नी का सोशल मीडिया पर रील्स बनाना पसंद नहीं था, लेकिन पत्नी इससे होने वाली कमाई को छोड़ना नहीं चाहती थी। इस वजह से दोनों के बीच में हमेशा तनाव बना रहता था। इस तरह एक पति ने शिकायत की उसकी पत्नी रील में नया दिखने के लिए रोजाना कपड़े खरीदती है, जिससे घर का खर्च बढ़ गया है, तब एक और पति की शिकायत है कि रील के जुनून में पत्नी बच्चे की देखभाल नहीं कर रही है। मुझे भी रील बनाने के लिए तैयार होने के लिए कहती है। इसतह के कई मामले हैं जिसमें सोशल मीडिया, रील्स, लाइक और फॉलोअर्स की चाहत में पति-पत्नी के बीच विवाद हो रहे हैं। जो मनमुटाव के साथ-साथ तलाक की वजह भी बन रहे हैं। जानकारों के मुताबिक साल 2024 में मप्र के पांच बड़े शहरों के फैमिली कोर्ट में पति-पत्नी के बीच विवाद के 16 हजार से ज्यादा केस दर्ज हुए हैं। इनमें से 60 फीसदी यानी 9 हजार केस में विवाद की वजह सोशल मीडिया रहा है।

# शंभू बॉर्डर पर पहले किसानों पर बसाए फूल, फिर आंसू गैस के गोले छोड़े

### पुलिस के साथ झड़प में चार किसान घायल



**चंडीगढ़।** पंजाब के 101 किसान रविवार दोपहर 12 बजे पैदल शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया। जिसके बाद पुलिस और किसानों के बीच बहस हुई। हरियाणा पुलिस ने किसानों से दिल्ली जाने की अनुमति का पत्र मांगा है। उनका कहना है कि बिना परमिशन के वे दिल्ली नहीं जा सकते। इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इस पर हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, इस पर किसान पीछे की तरफ भागे। करीब 2 घंटे बाद हरियाणा पुलिस ने किसानों पर फूल भी बरसाए। इसके बाद आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। जिसमें 4 किसान घायल हुए। इससे पहले एक किसान घायल हुआ था। अब तक 5 किसान घायल हो चुके हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर का कहना हैं कि हमारे द्वारा 101 किसानों की लिस्ट जारी की है। उधर, हरियाणा पुलिस का कहना है कि हम पहले किसानों की पहचान करने वाले और फिर उन्हें आगे जाने दिया जाएगा। हमारे पास 101 किसानों के नामों की लिस्ट है और वे (किसान) लोग नहीं हैं। वे हमें अपनी पहचान नहीं करने दे रहे हैं। किसान हथियार लेकर आए हैं। वहीं हरियाणा और पंजाब पुलिस ने मीडिया को दूर से कवरेज करने की सलाह दी है। किसान केंद्र सरकार से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के कानून सहित 13 मांगें कर रहे हैं। हरियाणा पुलिस और किसानों के क्या-क्या इंतजाम... हरियाणा पुलिसः किसानों को रोकने के लिए पुल के ऊपर और नीचे करीब 1000 जवान तैनात किए हैं। 3 वज्र वाहन खड़े किए। आंसू गैस के गोलों के डिब्बे रखे हैं। किसानः घायलों को ले जाने के लिए 10 एंबुलेंस के अलावा 7 गाड़ियां तैनात की हैं। आंसू गैस के गोलों से निपटने के लिए 500 मीटर के दायरे में पानी के टैंकरों और बोरियों का इंतजाम किया है।



# गृह राज्य मंत्री ने एसपी ऑफिस में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर की कानून व्यवस्था की समीक्षा

## अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है सरकार - गृह राज्य मंत्री बेढम

♦भारत टाइम्स♦



**राजसमंद विद्याधर वैष्णव।** प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, राजसमंद में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति का गहन समीक्षा की। बैठक में कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ और राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी भी उपस्थित थे। साथ ही जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा, एसपी मनीष त्रिपाठी, एडिशनल एसपी महेंद्र पारीक, एडिशनल एसपी (महिला सेल) रजत सहित समस्त पुलिस उपाधीक्षक मौजूद रहे।गृह राज्य मंत्री बेढम ने विभिन्न अपराधों जैसे लूट, हत्या, डकैती, मारपीट, चोरी, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्वरी आदि के प्रकरणों की समीक्षा की। इसके साथ ही महिलाओं के विरुद्ध होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराध में दर्ज प्रकरण की स्थिति को देखा। साथ ही साइबर क्राइम को लेकर भी विशेष रूप से सजग रहने और लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से बैठक में सड़क हादसों और उनकी रोकथाम के उपायों, आपराधिक घटनाओं पर कड़ी निगरानी और त्वरित कार्रवाई को लेकर निर्देश दिए। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से सजग रहने पर जोर दिया गया। पुलिस संसाधनों और जनशक्ति को मजबूत करने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि अपराधों पर तुरंत कार्रवाई करें और जनता के साथ मित्रवत व्यवहार करें। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।मंत्री बेढम ने कहा कि आम जनजीवन में पुलिस का महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह समाज में कानून और व्यवस्था बनाए रखने की मुख्य जिम्मेदारी निभाती है। पुलिस का कार्य न केवल अपराधों की रोकथाम और जांच करना है, बल्कि नागरिकों को सुरक्षा का अहसास दिलाना भी है। उनकी उपस्थिति समाज में अनुशासन और कानून के प्रति सम्मान बनाए रखने में सहायक होती है। पुलिस यातायात नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, और सामाजिक समस्याओं के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे जनजीवन सुचारू रूप से चलता रहता है।इसके अतिरिक्त पुलिस आम जनता के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महिलाओं, बच्चों, और कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विशेष कदम उठाती है। किसी भी आपातकालीन स्थिति, जैसे दुर्घटनाओं, दंगों, या प्राकृतिक आपदाओं में पुलिस तुरंत सक्रिय होकर राहत और बचाव कार्य करती है। पुलिस और जनता के बीच आपसी सहयोग से एक सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण होता है, जो विकास और शांति के लिए अनिवार्य है।कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जिले में पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोत्तम स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। विधायक राठौड़ ने जिला पुलिस द्वारा जिले भर में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गई त्वरित और प्रभावी कार्रवाइयों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अपनी कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता से न केवल अपराधों पर अंकुश लगाया है, बल्कि जिले में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विधायक ने विशेष रूप से पुलिस की सतर्कता और सक्रियता को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की, जिससे स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों के बीच सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और उनके इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को और मजबूत करता है।राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि जिले की सुरक्षा और विकास के लिए हम सब मिलकर काम कर रहे हैं। अपराधमुक्त समाज बनाने के लिए पुलिस और जनता के बीच संवाद बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने वर्तमान में युवा पीढ़ी में नशे की लत को लेकर चिंता जाहिर करते हुए जन जागृत और पुलिस कार्रवाई पर जोर दिया। माहेश्वरी ने जिला पुलिस टीम की कुशलता और तत्परता की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजसमंद पुलिस ने अपराध नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कार्रवाई करके जनता का विश्वास जीता है। पुलिस द्वारा स्थानीय मुद्दों को समझने और उनके समाधान के लिए उठाए गए कदम सराहनीय हैं। विशेष रूप से, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियानों ने समाज में सकारात्मक प्रभाव डाला है। विधायक ने पुलिस टीम के समर्पण और मेहनत को पूरे जिले के लिए एक उदाहरण बताया। इसके अतिरिक्त माहेश्वरी ने पुलिस प्रशासन की भूमिका को केवल कानून और व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित न मानते हुए, इसे सामाजिक कल्याण और सामुदायिक सेवा के रूप में भी देखा। उन्होंने पुलिस के साथ आम जनता के संवाद को बढ़ावा देने और आपसी विश्वास को मजबूत करने के प्रयासों की प्रशंसा की। विधायक ने आश्वासन दिया कि जिले में सुरक्षा और संसाधनों को और बेहतर बनाने के लिए सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। उनकी यह सराहना पुलिस टीम के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उनके उत्कृष्ट कार्यों को और अधिक प्रभावशाली बनाने में सहायक होगी। बैठक के अंत में सभी पुलिस अधिकारियों ने गृह राज्य मंत्री को यह भरोसा दिलाया कि जिले में कानून व्यवस्था को कायम रखा जाएगा और और सभी पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करेंगे।

## जैतारण में नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर



♦भारत टाइम्स♦


**बगड़ी नगर - महेंद्र सिंह।** पाना पार्टी ट्रस्ट जैतारण के द्वारा स्व. सायर कंवर की पुण्य स्मृति मे रविवार 8 दिसंबर को निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपन शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में माथुर आई हॉस्पिटल जोधपुर के वरिष्ठ फेको सर्जन डॉ. विपुल माथुर द्वारा 155 मरीजो के मोतियाबिंद का इलाज एवं आंखों में लेंस प्रत्यारोपित किए गए। शिविर में 650 मरीजो की कम्प्यूटर द्वारा आँखों की विस्तृत जांच कर दवाइयों का भी आवश्यकता अनुसार वितरण किया गया।

## मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी का चयन

### ई दिल्ली में दो दिवसीय 'महिला सरपंच संवाद' का हिस्सा बनेगी

- देशभर की तीन दर्जन से अधिक महिला सरपंच भाग लेंगी

♦भारत टाइम्स♦



**देवगढ़ विद्याधर वैष्णव।** राजस्थान की बेस्ट सरपंच में शुमार मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान नई दिल्ली में क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया व सरपंच संवाद के तत्वावधान आयोजित होने वाली 10 व 11 दिसम्बर को दो दिवसीय महिला सरपंच मीट का हिस्सा बनेगी तथा राजस्थान से दो महिला सरपंच भाग लेंगी।नई दिल्ली के विश्व युवक केंद्र में आयोजित होने वाले समारोह में देशभर की 35 से अधिक उत्कृष्ट महिला सरपंच जिन्होंने अपने बलबूते विकास के नए आयाम स्थापित किये तथा क्षेत्रीय चुनोतियो का सामना करते हुए अपनी पंचायत को विशिष्ट पहचान दिलाई ।मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान ने अपने गांव मंडावर को गुमनामी के अंदर से निकलकर देश व प्रदेश में विशिष्ट पहचान दिलाई है तथा विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। गांव के विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य किया तथा सरकार के विभिन्न मानकों के आधार पर कार्य करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य किये। जिससे उनका चयन हुआ है।

## रिणवा बने प्रदेश सचिव, क्षेत्र सहित समाज बंधुओं ने जताई खुशी

### महर्षि दधीचि जनकल्याण संस्थान राजस्थान के युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बने बर के एडवोकेट अनुराग रिणवा

♦भारत टाइम्स♦



**ब्यावर।** महर्षि दधीचि जन कल्याण संस्थान राजस्थान के युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बने बर के एडवोकेट अनुराग रिणवा महर्षि दधीचि जनकल्याण संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार आसोपा के निदेर्शानुसार युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विजेश दाधीच जयपुर ने बर के एडवोकेट अनुराग रिणवा को युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष विजेश दाधीच द्वारा एडवोकेट अनुराग रिणवा की दाधीच समाज के प्रति निरंतर सक्रियता व सामाजिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्ति प्रदान की है। श्री दधिमती माताजी मंदिर प्रन्यास गोठ मांगलोद नागौर के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व विधायक मांगीलाल रिणवा के अनुराग रिणवा पौत्र हैं। पूर्व सरपंच बर व महर्षि दधीचि सेवा सदन हरिद्वार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेश रिणवा के श्री अनुराग रिणवा पुत्र हैं एवं सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय ब्यावर के पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष व लंबे समय से राजनीति में सक्रिय है एडवोकेट अनुराग रिणवा। इनके नियुक्त होने पर समस्त ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर छाई हुई है। इस मौके पर प्रकाश रिणवा, सुरेशजी दाधीच, रोहित आचार्य, घनश्याम दाधीच, हितेश कुदाल, पुष्पेंद्र दाधीच, रसिक बिहारी व्यास, मेहुल दाधीच, श्यामजी दाधीच, अमित दाधीच एवं आशुतोष दाधीच ने खुशी जाहिर की।

## धर्म एवं धार्मिक कार्यों को महत्व दें –योगी



♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** लाम्बिया मठ के लक्ष्मण नाथ योगी सांबड़ देवासियों के बास में आयोजित गृह प्रवेश के सामाजिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म एवं धार्मिक कार्यों को जीवन में अधिक से अधिक महत्व देते हुए सफल जीवन जी सकते है। मंशीराम, गुलाब राम, भिरमराम श्रवणराम, बिरदाराम साम्बड़ देवासी आयोजित नानी बाई के मायरो की कथा व धर्म सभा रखी गई थी जिसमें रामसमाज सेवी बद्रीराम देवासी सेलीगुडा हाल निवास बडोदा, पीपाड़ उपप्रधान प्रेमा गहलोत, अशोक गहलोत, भरत भाटी, भाजपा प्रदेश मंत्री जगदीश देवासी खाराबेरा, हाथीराम देवासी कोसाना, भोपा बागोरीया माताजी समुन्द्र, भोपा जगदीश दांतीवाड़ा, खीमसिंह राजपुरोहित हाल निवास पुना, हड़मान नाड़सर, समाज अध्यक्ष बोरन्दा श्रवणराम धुला देवासी उपाध्यक्ष सांवलराम देवासी बोरुन्दा, श्याम गहलोत व यशराज दाधीच सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अवैध खनिज परिवहन और भंडारण के खिलाफ द्वितीय डिवीजन की बड़ी कार्रवाई

- 67.2 टन बजरी का अवैध भंडारण जगपुरा, तहसील रेलमगरा में जब्त किया गया। इसी तरह से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, जिसमें साधारण मिट्टी का खनिज परिवहन हो रहा था

♦भारत टाइम्स♦




**राजसमंद विद्याधर वैष्णव।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा एवं खान विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अवैध खनिज परिवहन और भंडारण पर सख्त कार्रवाई करते हुए राजसमंद खंड द्वितीय टीम ने गत सात दिनों कई स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई की है। एमई द्वितीय ललित बाछरा ने बताया कि 60 टन बजरी का अवैध भंडारण मोही, तहसील राजसमंद में जब्त किया गया। 69 टन बजरी का अवैध भंडारण बडल्या, तहसील रेलमगरा में जब्त किया गया। 67.2 टन बजरी का अवैध भंडारण जगपुरा, तहसील रेलमगरा में जब्त किया गया। इसी तरह से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, जिसमें साधारण मिट्टी का खनिज परिवहन हो रहा था, जिसे बागोल, तहसील नाथद्वारा में जब्त कर नाथद्वारा पुलिस थाने के सुपुर्द किया गया। दो खाली डंपर मोही, तहसील राजसमंद में आशंका होने पर जब्त किए गए और नाथद्वारा पुलिस थाने को खड़ा करवाया।इसके साथ ही अवैध खनन में लिप्त एक खुदाई मशीन जब्त, 1,34,040 रुपये का जुमार्ना वसूला। अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए, तहसील रेलमगरा के ग्राम गवाड़ी में चल रहे अवैध क्वाट्‌र्ज खनन में प्रयुक्त एक खुदाई मशीन (एक्सकेवेटर) को जब्त किया गया। इस कार्रवाई के तहत कुल 1,34,040 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया, जिसे ई-ग्रास चालान के माध्यम से जमा कराया गया। यह कार्रवाई राजसमंद खान विभाग, डिविजन-2 की टीम द्वारा की गई। टीम ने यह सुनिश्चित किया कि अवैध खनन गतिविधियों को रोका जाए और जिम्मेदार व्यक्तियों पर नियमानुसार कठोर दंड लगाया जाए। खान विभाग ने चेतावनी दी है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। जिले में अवैध खनिज परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों और संस्थानों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।

**आवश्यकता**

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp

9509745147
9799911545

## केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत का अभिनंदन उपस्थित मौजीज लोगों द्वारा समस्याएं बताने पर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का बोरुंदा में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मिडिया से रूबरू होते हुए कहा की केंद्र सरकर की जनकल्याण कारी योजनाओं से आज जनता भजपा पर भरोसा करती है। इसकी बदौलत ही प्रदेश में उप चुनव में बाजी मारी है। मोदी सरकारी पीएम मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना और मेक इन इंडिया सहित कई कल्याणकारी योजनाओ से जनता को सीधा लाभ मिला है।केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने राजस्थान उपचुनाव में भाजपा की शनदार जीत पर बोलते हुए कहा कि उप चुनाव में जनता ने अपना अमूल्य मतदान देकर भाजपा को पर फिर भरोसा किया है। भाजपा जनता की उम्मीदों पर खरा उतरकर आमजन के हितों को प्राथमिकता देगी। वही बोरुंदा अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की मांग पर भरोसा दिलाते हुए समाधान का आश्वासन दिया। लाइमस्टोन माइन्स कि विभिन्न समस्याओं पर



भी चर्चा करते हुए मंत्री ने उपस्थित उद्यमियों को माईन्स की समस्याओं का समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान बहादुर सिंह राठौड़, हनुवंत सिंह राठौड़, प्रभुदयाल शर्मा, भीखसिंह मेड़तिया, भगवत सिंह मेड़तिया, हरिसिंह भाटी, करण सिंह राठौड़, ओमप्रकाश भंवरिया, बक्साराम कच्छावा, रामकरण फड़ाक, दुगार्राम सुथार, सरपंच प्रतिनिधि यशराज दाधीच, दिग्विजय सिंह खोजा, छैलसिंह मेड़तिया, रणवीर सिंह, महेश दाधीच, शैतानसिंह व चंदनसिंह शेखावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर है रहे अत्याचार को लेकर चौमहला गंगधार कस्बा रहा पूर्णतया बंद

## जनआक्रोश रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन






♦भारत टाइम्स♦

**झालावाड़ / मनोज कसेरा।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड क्षेत्र के चौमहला गंगधार का कस्बे में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे बर्बरता पूर्ण अत्याचार को लेकर रविवार को सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में चोमहला एवं गंगधार कस्बा पूर्ण रूप से बंद रहे। सर्व हिंदू समाज के आव्हान पर नगर बन्द का व्यापार संघ चोमहला गंगधार द्वारा भी पूर्णरूप से समर्थन किया गया, दोनो कस्बों में अल सुबह से ही सभी प्रतिष्ठान बंद रहे। वही दिन भाई बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं दोपहर 1:00 बजे विभिन्न हिंदू संगठनों और सर्व हिंदू समाज द्वारा चौमहला कस्बे में जन आक्रोश रैली निकाली गई जो कि नगर के मुख्य झंडा चौक से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई उपखंड कार्यालय गंगधार पहुंची जहां तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा गया। वहीं रैली में हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की । वहीं ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे बर्बरता पूर्ण व्यवहार व वहां की सरकार द्वारा हिंदुओं पर लगातार अत्याचार किये जा रहे है। बांग्लादेश में हिंदू बहन बेटियों के साथ बलात्कार अपहरण की घटनाएं लगातार हो रही है, हिंदू मंदिर और मठो को तोड़ा जा रहा है, हिंदू संतों पर हमले किए जा रहे हैं साथ ही उन्हें झूठे मुकदमे में गिरफ्तार किया जा रहा है बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदू अपनी सुरक्षा के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। ज्ञापन में हिंदू संगठनों ने भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की ओर कहा को बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को बन्द किये जायें। हिन्दुओ की संपत्ति का जो नुकसान हुआ है उसका मुआवजा दिलाया जाए हिंदू मठो एवं मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया जाए। जब तक बांग्लादेश हिंदुओं पर अत्याचार बंद नहीं करता तब तक बांग्लादेश के साथ भारत सरकार किसी भी प्रकार का व्यापारिक, राजनीतिक संबंध नहीं रखें। साथ ही बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार कर उन पर कार्रवाई करें।

# साइबर क्राइम के बारे में दी जानकारी

**साइबर सुरक्षा से कंपनियों पर गहरा वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ता और ग्राहकों का भरोसा भी कम नहीं होता**

♦भारत टाइम्स♦

**दिनेश प्रजापत ।** जोजावर गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल मे साइबर सिक्योरिटी पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साइबर सुरक्षा की जरूरत इसलिए है ताकि साइबर अपराध से निपटने के लिए मजबूती से निपटा जा सके। साइबर सुरक्षा के बारे में कुछ अहम बातें: साइबर सुरक्षा का मतलब है व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा। साइबर सुरक्षा से अनधिकृत उपयोगकर्ता पहुंच को रोका जा सकता है। साइबर सुरक्षा से डेटा और सूचना को व्यवस्थित करने के तरीके में सुधार होता है। साइबर सुरक्षा से कंपनियों पर गहरा वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ता और ग्राहकों का भरोसा भी कम नहीं होता। साइबर सुरक्षा से कर्मचारियों के बीच इंटरनेट का इस्तेमाल करने में लचीलापन आता है. साइबर सुरक्षा से कंपनियों को व्यापक डिजिटल सुरक्षा मिलती है. ओरिएंटेशन श्री सुमित परिहार सीईओ (बाइनरी कंपनी ) द्वारा श्री प्रशांत टंडन के सहयोग से आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का तकनीकी प्रबंधन श्री अशोक पुरी द्वारा किया गया। इस मौके पर हेनू सोलंकी, अवनीश शर्मा, रेणुका जोशी , इमरान इत्यादि उपस्थित रहे।

# अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान के तहत विशेष सफाई कार्यक्रम

## फतेहजंग गुंबद और आसपास के क्षेत्र में निगम ने की सफाई

♦भारत टाइम्स♦



**अलवर /राजेश गुप्ता ।** अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को साप्ताहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर निगम की ओर से रेलवे स्टेशन के समीप स्थित फतेहजंग गुंबद के आसपास सफाई की गई। सफाई अभियान के दौरान एकत्र कचरे को भी तत्काल निगम के निस्तारण केंद्र पर भिजवाया गया। वहीं, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने सफाई कार्य का निरीक्षण किया और सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि गुंबद और आसपास के क्षेत्र में नियमित रूप से साफ-सफाई रखी जाए। अभियान के दौरान नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि सभी अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखें और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाएं। उन्होंने कहा कि आमजन पॉलिथीन का उपयोग नहीं करे और कपड़े के थैले का उपयोग करे। गीले सूखे कचरे के लिए अलग अलग डस्टबिन रखने के दिए निर्देशझ्र रविवार सुबह विशेष सफाई अभियान के दौरान नगर निगम आयुक्त नरूका ने रेलवे स्टेशन और फतेहजंग गुंबद के आसपास दुकानदारों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार अपने ग्राहकों को भी अलग-अलग कचरा डालने के लिए प्रेरित करें।साथ ही नगर निगम के ऑटो टिपर में भी निर्धारित पात्रों में ही गीला और सूखा कचरा डाला जाए।

# बूंटीवास महादेव गौशाला की नई कार्यकारिणी का गठन

## त्रिलोक देवासी को अध्यक्ष और महेंद्र कुमावत को बनाया सचिव, विकास कार्यों को लेकर की चर्चा

♦भारत टाइम्स♦



**बगड़ी नगर - महेंद्र सिंह ।** रायपुर क्षेत्र के बूंटीवास गांव में स्थित महादेव गौशाला सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को किया गया । महादेव गौशाला सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का गठन सदस्यों की सर्वसम्मति से किया गया । जिसमें अध्यक्ष त्रिलोक देवासी, उपाध्यक्ष कालू काठात, कोषाध्यक्ष रूपाराम जाट, सचिव महेंद्र कुमावत को चुना गया। महादेव गौशाला व गोचर भूमि के आस पास कांटेदार झाड़ियों की कटाई, चारों तरफ साफ सफाई, नए टिन शेड, गौशाला में शौचालय के बारे में विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही गौशाला विकास के अनेक कार्यों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई. आगामी दिनों में होने वाले गौशाला प्रांगण में कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श भी किया गया। इस अवसर पर ओगड़ दास वैष्णव, भूंडाराम देवासी, गोविन्द कुमावत, तेजाराम जाट, आपुराम देवासी, रतनसिंह सोढ़ा, बहादुर भाटी, हेमराज बावरी, सोहन कुमावत, मोहन सिंह रावत, नेनसिंह रावत, नारायण देवासी, कालू काठात, डूगर राम देवासी, राजूदास, सुख सिंह जी राजपूत, रविन्द्र दास, मनोहर मेघवाल, धमार्राम जाट, दिनेश चोधरी, सरदार जाट, प्रहलाद दास, श्रवण वाल्मीकि, भिरम काठात, पूसाराम गुर्जर आदि लोग मौजूद थे ।

# डबल इंजन की सरकार राजस्थानी भाषा को मान्यता का तोहफा दे – शेखावत

## फिल्म बावळती सहित कांग्रेस सरकार द्वारा वंचित रखी गई फिल्मों को अनुदान देने की मांग

♦भारत टाइम्स♦



**रचूरू।** निकटवर्ती गांव ख्याली निवासी फिल्म निमार्ता निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम भजन लाल शर्मा को पत्र लिखकर राजस्थान में भाजपा सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर राजस्थानी भाषा को मान्यता का तोहफा देने की गुहार लगाई है। साथ ही फिल्म निमार्ता निर्देशक राजेन्द्रसिंह शेखावत ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से यू प्रमाण पत्र प्राप्त राजस्थानी फिल्म बावळती सहित कांग्रेस सरकार द्वारा वंचित रखी गई फिल्मों को अनुदान राशि जारी करने की मांग की है। राजस्थानी सिनेमा के विकास हेतु मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री व कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने आज तक कुछ भी नहीं किया है। यह राजस्थानी सिनेमा के साथ सरासर अन्याय है। शेखावत ने लिखा है कि कांग्रेस सरकार के मंत्री बीडी कल्ला और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने कार्यकाल के दौरान राजस्थानी सिनेमा को हाशिए से भी बाहर धकेल दिया था। कल्ला और गहलोत वर्ष 2022 में 17 में से 11 फिल्मों को अनुदान से वंचित करके राजस्थानी सिनेमा के इतिहास के काले पन्ने बन चुके हैं। वर्ष 2022 में 17 में से चन्द्र फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से यू प्रमाण पत्र प्राप्त फिल्म बावळती सहित 11 फिल्मों को अनुदान से वंचित करने के बाद अगले वर्ष 5 अन्य फिल्मों को भी एक रुपया अनुदान नहीं दिया, जबकि घोषणा यू प्रमाण पत्र वाली फिल्म को 25 लाख रुपए देने की कर रखी थी। निमार्ता निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत ने लिखा है कि भाजपा की सरकार बनने से राजस्थानी सिनेमा को काफी उम्मीदें बंधी थी, परंतु आज तक वंचित फिल्मों को अनुदान नहीं मिला है। पीएम नरेंद्र मोदी बार बार कह रहे हैं कि वंचितों को लाभान्वित करो। ऐसे में फिल्म बावळती सहित राजस्थानी फिल्मों को तुरंत अनुदान राशि जारी करो, ताकि वंचितों को राहत मिल सके। शेखावत ने लिखा है कि भाजपा सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मोदी जी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री कांग्रेस सरकार द्वारा वंचित रखी गई राजस्थानी फिल्मों को अनुदान राशि जारी करें और मोदी जी राजस्थानी भाषा को मान्यता देने की घोषणा करें। ताकि राजस्थान प्रदेश को मान सम्मान मिल सके।

# पाना पार्टी ट्रस्ट ने मंत्री गहलोत का बहुमान किया

♦भारत टाइम्स♦



**बगड़ी नगर - महेंद्र सिंह ।** जैतारण स्थित रोटरी आई हॉस्पिटल में चल रहे मोतियाबिंद व लेंस प्रत्यारोपण शिविर के प्रभारी महेंद्र सांखला ने बताया कि जैतारण की पावन धरा का लाल राजस्थान सरकार के काबिना मंत्री अविनाश गहलोत के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया । संस्थान के प्रधान रामकंवार जी एवं महावीर लोढा जी द्वारा मंत्री अविनाश गहलोत का माल्यार्पण व साफा बंधन करवाकर बहुमान करने के साथ राममंदिर की प्रतिकृति भेंट की गई । इस स्वागत से अभिभूत मंत्री अविनाश गहलोत ने पाना पार्टी द्वारा संचालित रोटरी आई हॉस्पिटल की प्रशंसा करते हुए बताया कि गत 40 वर्षो से संचालित इस अस्पताल में हजारों नेत्र रोगियों का निशुल्क एवं लागत मूल्य इलाज किया जा रहा है । जो काबिले तारीफ हैं । काबिना मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा 15 वर्षो से हॉस्पिटल में सेवाएं दे रहे ड़ॉ. विपुल माथुर का साफा पहनाकर सम्मान किया गया ।

# बाड़मेर जिले के हॉस्पिटल में जिला कलेक्टर टीना डाबी और CMHO चिकित्सा अधिकारीबाड़मेर जिले में पिलाया पोलियो दवा

♦भारत टाइम्स♦




**प्रदीप कुमार गर्ग ।** रविवार को तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई ' जिला मुख्यालय पर जिला कलक्टर टीना डाबी ने जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र पर नौनिहालों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का आगाज किया ' इस दौरान समाजसेवी दीपक कड़वासरा , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव मित्तल , अस्पताल अधीक्षक डॉ बी.एल मंसूरिया , आरसीएचओ डॉ बी.एस. गहलोत सहित कई अधिकारी मौजूद रहे ' इस दौरान जिला कलक्टर टीना डाबी ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में 0 से 5 वर्ष तक की उम्र का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक वंचित नहीं रहे ' मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव मित्तल ने बताया कि पहले दिन बूथ पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी ' आगामी दो दिन सोमवार एवं मंगलवार को टीमें घर-घर जाकर वंचित बच्चों को दवा पिलाएंगी ' मितल ने बताया कि जिले में पोलियो दवा पिलाए जाने वाले पांच वर्ष तक के लक्षित बच्चों की संख्या करीब सवा दो लाख, जिन्हें शत प्रतिशत दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है ।

# कला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर आयोजित

## माय भारत पोर्टल पर करवाया पंजीकरण

## विकसित भारत यंग लीडर क्विज की दी जानकारी

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/ राजेश गुप्ता ।** बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की चारो इकाइयों का एक दिवसीय शिविर महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ सरोज मीणा, डॉ महेश गोठवाल, डॉ अनिल यादव, डॉ सुभाष खटीक ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यों और कार्य पध्दति के बारे में विस्तार से बताते हुये स्वंय से पहले राष्ट्र और समाज को वरीयता देते हुए सेवा कार्य के लिए मार्गदर्शन दिया, राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों की जानकारी देते हुए स्वंयसेवको को बताया कि वे राष्ट्रीय सेवा योजना में सक्रिय रूप से भाग लेकर न केवल अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते है साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान भी बना सकते हैं। स्वंयसेवको को माय भारत पोर्टल के बारे में बताते हुए उनका युवा के रूप में पोर्टल पर पंजीकरण करवाया गया साथ ही राज्य युवा महोत्सव में एवं विकसित भारत यंग लीडर क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। स्वंयसेवको ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई का कार्य करते हुए श्रमदान किया। स्वयंसेवको राधिका, सेजल, सोनम चौहान, आशीष, ज्योति, कोमल, मुस्कान, रामजीत, नम्रता, छवि, मोहित, शकील ने शिविर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एकल गायन और काव्य पाठ किया। स्वंयसेवकों ने हर्षोल्लास से शिविर में भाग लेते हुए सामुहिक अल्पाहार का भी आनन्द उठाया।




# रेलवे अस्पताल में हिस्टीरोस्कॉपी की सुविधा शुरू



♦भारत टाइम्स♦

**अजमेर।** अजमेर के रेलवे अस्पताल में महिला रोगियों के लिए अत्याधुनिक उपकरण की सहायता से हिस्टीरोस्कॉपी की सुविधा शुरू हो गई है। इस सुविधा के उपलब्ध होने से महिला रोगियों को गर्भाशय संबंधी जांचों और इलाज के लिए जयपुर या अन्य अस्पतालों में भेजने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी । इस उपकरण के द्वारा दिनांक 7 दिसंबर 2024 को दो महिला रोगियों के गर्भाशय की जांच की गई तथा गर्भाशय के मुख्य द्वार पर स्थित जटिल गांठों को निकाला गया । ऑपरेशन निश्चेतना विशेषज्ञ डॉक्टर अजीत सिंह तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकिता सक्सेना द्वारा किया गया । जिसमें डी. एस.मीणा सहित अन्य ऑपरेशन थिएटर स्टाफ का सहयोग रहा । मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अरुण कुमार के निर्देशन में शुरू की गई इस सुविधा से रेलवे रोगियों को लाभ होगा । उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ तथा प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ पी सी मीणा ने नवीनीकृत आईसीयू तथा नवनिर्मित ओपीडी ब्लॉक का उद्घाटन किया था तथा अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने हेतु निर्देश दिए थे।

# महान गणितज्ञ -जैक्स-सैलोमन हैडामर्ड



जैक्स-सैलोमन हैडामर्ड का जन्म 8 दिसंबर, 1865, को वर्सेल्स, फ्रांस में हुआ, जैक्स हेडमार्ड एक फ्रांसीसी गणितज्ञ थे जिनका सबसे महत्वपूर्ण परिणाम अभाज्य संख्या प्रमेय था जिसे उन्होंने 1896 में सिद्ध किया था। इसका मतलब यह है कि अभाज्य संख्याओं की संख्या यह बताता है कि अभाज्य संख्याओं की संख्या < ल्ल उतनी ही तेजी से अनंत की ओर बढ़ती है जितनी तेजी से ल्ल/ह्लरॅ ी ल्ल होती है। जैक्स हैडामर्ड का चिह्न सात बड़ी छवियां देखें जीवनी जैक्स हैडामर्ड के पिता, अमेडी हैडामर्ड ने 6 जून 1864 को क्लेयर मैरी जीन पिकार्ड से शादी की। अमेडी हैडामर्ड, जिनकी पृष्ठभूमि यहूदी थी, एक शिक्षक थे, जो क्लासिक्स, व्याकरण, इतिहास और भूगोल जैसे कई विषयों को पढ़ाते थे, जबकि जैक्स की मां पियानो का पाठ पढ़ाती थीं। जब जैक्स का जन्म हुआ तो अमेडी वर्सेल्स में लीसी इंपीरियल में पढ़ा रहे थे, लेकिन जब जैक्स तीन साल के थे, तब परिवार पेरिस चला गया जब उनके पिता ने लीसी शारलेमेन में एक पद संभाला। पेरिस में एक बच्चे के बड़े होने का यह एक बुरा समय था। 19 जुलाई 1870 को शुरू हुआ फ्रेंको-प्रशिया युद्ध फ्रांस में बुरी तरह से चला और 19 सितंबर 1870 को प्रशिया ने पेरिस की घेराबंदी करना शुरू कर दिया। यह उन नगरवासियों के लिए कठिन समय था जिन्होंने भोजन के लिए घोड़ों, बिल्लियों और कुत्तों को मार डाला। कई अन्य लोगों की तरह, हैडामर्ड के परिवार ने भी जीवित रहने के लिए हाथी का मांस खाया। पेरिस ने 28 जनवरी 1871 को आत्मसमर्पण कर दिया और 10 मई 1871 को हस्ताक्षरित फ्रैंकफर्ट की संधि फ्रांस के लिए अपमानजनक थी। आत्मसमर्पण और संधि पर हस्ताक्षर के बीच वास्तव में पेरिस में गृहयुद्ध हुआ और हैडमाड्र्स का घर जला दिया गया। युद्ध ही हाडामड्र्स के दुख का एकमात्र कारण नहीं था। जैक्स की बहन जीन की मृत्यु 1870 में पेरिस की घेराबंदी से पहले हो गई और दूसरी बहन सुजैन, जो 1871 में पैदा हुई थी, 1874 में मर गई। जैक्स ने लीसी शारलेमेन में अध्ययन शुरू किया जहां उनके पिता पढ़ाते थे। स्कूल में अपने प्रारंभिक वर्षों में उन्होंने गणित को छोड़कर सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने विशेष रूप से ग्रीक और लैटिन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने 1936 में लिखा:- ...अंकगणित में, पाँचवीं कक्षा तक, मैं अंतिम या लगभग अंतिम था। उनके इस कथन में कोई सच्चाई नहीं थी, क्योंकि हालाँकि पहले तो यह सच था कि वह गणित में कमजोर थे, पाँचवीं कक्षा में उन्होंने लीची में अपनी कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस समय (1875) तक वह स्कूली छात्रों के लिए एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता, कॉनकोर्स जनरल में कई विषयों में पुरस्कार जीत रहे थे। जब वह पाँचवीं कक्षा में थे, तब गणित के एक अच्छे शिक्षक ने उन्हें गणित और विज्ञान की ओर आकर्षित किया। 1875 में हेडमार्ड के पिता, एक शिक्षक के रूप में खराब प्रतिष्ठा प्राप्त करने के बाद, लीसी लुइस-ले-ग्रैंड में स्थानांतरित हो गए और जैक्स ने 1876 से इस स्कूल में दाखिला लिया। हैडमर्ड ने इकोले नॉर्मले सुपीरियर में प्रवेश लिया, वहाँ और इकोले पॉलीटेक्निक दोनों में प्रवेश परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके शिक्षकों में टैनरी, हर्मिट, डार्बोक्स, एपेल, गौर्सट और पिकार्ड शामिल थे। उन्होंने 1892 में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की ।1884 में हैडामर्ड ने इकोले पॉलिटेक्निक और इकोले नॉर्मले सुप्रीयर के लिए प्रवेश परीक्षा दी; दोनों परीक्षाओं में उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने इकोले नॉर्मले सुप्रीयर को चुना, जहां उन्होंने जल्द ही डुहेम और पेनलेव सहित साथी छात्रों से दोस्ती कर ली। उनके शिक्षकों में जूल्स टैनरी, हरमाइट, डार्बोक्स, एपेल, गौरसैट और एमिल पिकार्ड थे। इस स्तर पर पहले से ही उन्होंने शोध करना शुरू कर दिया, शक्ति श्रृंखला के गुणांकों द्वारा उत्पादित निर्धारक के अनुपात को खोजने की समस्या की जांच की। 30 अक्टूबर 1888 को उन्होंने इकोले नॉर्मले सुप्रीयर से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। डॉक्टरेट के लिए शोध करते समय उन्होंने एक स्कूल शिक्षक के रूप में काम किया। सबसे पहले वह लीसी डी केन से जुड़े थे लेकिन शिक्षण कर्तव्यों के बिना। जून 1889 से उन्होंने लीसी सेंट-लुई में और सितंबर 1890 से लीसी बफन में पढ़ाया, जहां उन्होंने तीन साल तक पढ़ाया। हालाँकि उनका शोध बहुत सफल रहा, लेकिन उनके शिक्षण की सराहना नहीं की गई, शायद इसलिए क्योंकि उन्हें अपने छात्रों से उनकी क्षमताओं की तुलना में अधिक क कवश्यकता थी। उनकी सबसे बड़ी सफलता फ्रेचेट को पढ़ाना था और दोनों ने लगभग नौ वर्षों तक पत्र-व्यवहार किया। टेलर की श्रृंखला द्वारा परिभाषित कार्यों पर एक थीसिस के लिए हैडामर्ड ने 1892 में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। जटिल चरों के कार्यों पर यह कार्य विश्लेषणात्मक कार्यों के सामान्य सिद्धांत का पता लगाने वाले पहले कार्यों में से एक था, विशेष रूप से उनकी थीसिस में एकता का पहला सामान्य कार्य शामिल था। उसी वर्ष हेडमार्ड को उनके पेपर डिटरिंग द नंबर ऑफ प्राइम्स अंडर ग्रांड प्रिक्स ससेज का मैथेमैटिक्स पुरस्कार प्राप्त हुआ। पुरस्कार का प्रस्तावित शीर्षक, जो जेटा फंक्शंस पर रीमैन के काम अंतराल को भरने से संबंधित है, हरमाइट ने अपने मित्र स्टिल्टजेस को ध्यान में रखते हुए रखा था। स्टिल्टजेस ने 1885 में दावा किया था कि उन्होंने रीमैन के प्रमेय को सिद्ध कर दिया है, लेकिन उन्होंने अपना प्रमाण कभी प्रकाशित नहीं किया था और, 1890 में पुरस्कार की घोषणा के बाद, स्टिल्टजेस को अपने सबूत में एक कमी मिली जिसे वह भर नहीं सका। उन्होंने पुरस्कार के लिए कोई प्रविष्टि नहीं भेजी, लेकिन हैडमार्ड ने, जब उनकी थीसिस जमा की गई और उनकी मौखिक परीक्षा के बीच, महसूस किया कि उनके परिणामों का उपयोग जीटा कार्यों में किया जा सकता है। सभी कार्यों और जीटा फंक्शन पर उनका पेपर आयनों को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ऊपर वर्णित उपलब्धियों के अलावा हैडामर्ड के लिए वर्ष 1892 भी महत्वपूर्ण था। उसी वर्ष जून में उन्होंने लुईस-अन्ना ट्रेनेल से शादी की, जो यहूदी पृष्ठभूमि की हैडामर्ड की तरह थीं। वे एक-दूसरे को बचपन से जानते हैं और संगीत से उनका प्रेम है। अगले वर्ष जब हेडमार्ड को विश्वविद्यालय में प्रोफेसर नियुक्त किया गया तो वे बोर्डो चले गए। यदि वह लीची बफन में एक शिक्षक के रूप में उपस्थित होने में असफल रहे, तो यह अब बहुत दूर था, क्योंकि उन्होंने अपने शोध और शिक्षण कौशल दोनों से सभी को प्रभावित किया था। 1 फरवरी 1896 को उन्हें बोर्डो में खगोल विज्ञान और तर्कसंगत यांत्रिकी का प्रोफेसर नियुक्त किया गया। बोर्डो में बिताए गए चार साल न केवल अपने पारिवारिक जीवन में व्यस्त थे, और इस दौरान दो बेटे पियरे और एटियेन का जन्म हुआ, बल्कि वे हेडमार्ड के शोध में भी बहुत उत्पादक थे। इन चार वर्षों के दौरान उन्होंने 29 पेपर प्रकाशित किए, लेकिन वे अपनी संख्या की तुलना में विषयों की गहराई और चौड़ाई के लिए अधिक उल्लेखनीय हैं। शायद इस समय साबित हुआ उनका सबसे महत्वपूर्ण परिणाम अभाज्य संख्या प्रमेय था जिसे उन्होंने 1896 में साबित किया था। इस प्रमेय की परिकल्पना 18वीं शताब्दी में की गई थी, लेकिन 1896 तक इसे सिद्ध नहीं किया गया था, जब हैडामर्ड और (स्वतंत्र र रसे) चार्ल्स डे ला वैली पॉसिन न नटिल विश्लेषण का उपयोग किया था। इसका प्रमाण 1851 में रीमैन द्वारा प्रस्तुत किया गया था, लेकिन उस समय आवश्यक उपकरण विकसित नहीं किये गये थे। यह समस्या 1851 से 1896 तक जटिल विश्लेषण के विकास के लिए मुख्य प्रेरणाओं में से एक थी जब रीमैन का प्रमाण अंततः पूरा हुआ। इस महत्वपूर्ण खुली समस्या को हल करना 1896 में हैडामर्ड का एकमात्र उल्लेखनीय य यान नहीं था। उसी वर्ष उन्होंने परिवर्तनशील प्रक्षेप पथों के गुणों पर एक पेपर प्रकाशित किया जिसने विज्ञान अकादमी का बोर्डिन पुरस्कार जीता। पुरस्कार का प्रस्तावित विषय जियोडेसिक्स में से एक था और अंतरिक्ष में बिंदुओं के द्रव्यमान के प्रक्षेप पथ का अध्ययन करने के लिए हैडामर्ड के काम ने विभिन्न गैर-रेखीय समीकरणों को जन्म दिया।

जब जैक्स का जन्म हुआ तो अमेडी वर्सेल्स में लीसी इंपीरियल में पढ़ा रहे थे, लेकिन जब जैक्स तीन साल के थे, तब परिवार पेरिस चला गया जब उनके पिता ने लीसी शारलेमेन में एक पद संभाला। पेरिस में एक बच्चे के बड़े होने का यह एक बुरा समय था।



# बच्चों की किताबों, हेयर विग में छिपाकर ला रहे कोकीन, तस्करी के ऐसे-ऐसे तरीके कि जानकर हैरान रह जाएंगे

क्या आपने कभी ऐसा सुना है कि बच्चों की कहानी की किताबों या थमोकोल बॉल्स में कोकीन छिपाई गई हो, मेहंदी के पैकेट में विदेशी करेंसी छिपाकर इनकी तस्करी की गई हो। हां, पिछले साल ऐसा हुआ है जब भारत में ऐसे ही तरीकों से तस्करी की गई है। इनका पता चलने के बाद भारत की एजेंसियां भी हैरान हैं। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बताया है कि पिछले साल लहंगे, झाड़ू, हेयर विग, थमोकोल बॉल का इस्तेमाल भारत में अवैध नकदी, हेरोइन और कोकीन जैसे मादक पदार्थों की तस्करी के लिए किया गया है। डीआरआई ने वित्त वर्ष 2024 में 975 करोड़ की कोकीन जब्त की है। इस दौरान एयरपोर्ट के जरिये भारत में तस्करी की जाने वाली कोकीन की मात्रा 9 प्रतिशत बढ़कर 107 किलोग्राम हो गई। डीआरआई ने कहा है कि जब्त की गई कोकीन, मेथामफेटामाइन, प्रतिबंधित सिगरेट और अवैध विदेशी मुद्रा की मात्रा भी बढ़ी है। ?200 में बिक गया शख्स, पाकिस्तान को दे डाली ये सीक्रेट जानकारी, अळर ने दबोचा कहानी की किताबों में छिपाकर ला रहे कोकीन डीआरआई के मुताबिक, पिछले कुछ सालों में दक्षिणी अमेरिकी देशों से भारत में कोकीन की तस्करी के लिए हवाई रूट का काफी इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत में कोकीन की तस्करी के लिए आमतौर पर ये तरीके अपनाए जाते हैं। पहला विदेश से आने वाले लोग अपने शरीर में कोकीन छुपाकर हवाई रूट के जरिए आते हैं। दूसरा कूरियर के जरिये कोकीन की खेप भेजी जाती है। अगस्त, 2023 में डीआरआई ने एक विदेशी नागरिक को बच्चों की कहानी की किताब के अंदर कोकीन छिपाकर लाते हुए पकड़ा था। इस शख्स की गिरफ्तारी बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर की गई थी। डीआरआई ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक विदेशी नागरिक के बालों की विग के अंदर से कोकीन बरामद की थी। शैंपू और मॉइस्चराइजर की बोतलों, शराब की बोतलों और साबुन के अंदर भी कोकीन छिपाकर लाई जाती है। हवाई यात्रा के बाद कोकीन की तस्करी का सबसे आसान और लोकप्रिय रास्ता कूरियर सर्विस है। जून, 2023 में ब्राजील के साओ पाउलो से आए पार्सल में थमोकोल बॉल्स के अंदर कोकीन छिपाई गई थी। यह कोकीन दिल्ली टर्मिनल पर जब्त की गई थी। थमोकोल बॉल्स को काटने पर पता चला कि लगभग 10,000 बॉल्स में से 972 बॉल्स में सफेद पाउडर के साथ पॉलीथीन बॉल्स थीं। जांच में पाउडर में कोकीन मिला। कुल 1922 ग्राम कोकीन बरामद की गई और इसे जब्त कर लिया गया। इसके अलावा कोस्टा रिका से आए एक पार्सल में लकड़ी के सामान में छुपाई गई कोकीन को मुंबई टर्मिनल पर जब्त किया गया था। बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ एऊ का बड़ा एक्शन, बंगाल-झारखंड में 17 ठिकानों पर छापेमारी झाड़ू में छिपाकर रखी गई थी कोकीन डीआरआई ने मई, 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच अटारी सीमा पर अफगान झाड़ू में छिपाकर रखी गई 5.5 किलोग्राम हेरोइन भी पकड़ी थी। इस साल मार्च में भारतीय तटरक्षक बल ने श्रीलंका की ओर जा रही एक नाव को पकड़ा था। इस नाव में 109 करोड़ रुपये की कीमत की 99 किलोग्राम हशीश के पांच बैग थे। वित्त वर्ष 2024 में डीआरआई ने 8,224 किलोग्राम मादक दवाओं और साइकोट्रोपिक पदार्थों से जुड़े 109 मामले दर्ज किए थे। इसमें 49 किलोग्राम हेरोइन (365 करोड़ रुपये), 236 किलोग्राम मेफेड्रोन (357 करोड़ रुपये) और 136 किलोग्राम मेथामफेटामाइन (275 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इसके अलावा वित्त वर्ष 2024 में 9.1 करोड़ सिगरेट जब्त की गईं, जिनकी कीमत 179 करोड़ रुपये थी। इस तस्करी का अधिकतर हिस्सा समुद्री रास्ते से हुआ था। मेहंदी के पैकेट में रखी गई थी विदेशी मुद्रा डीआरआई ने कोलकाता एयरपोर्ट पर मेहंदी के पैकेट में छिपाकर रखी गई 1.1 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा पकड़ी थी। दिल्ली के एयरपोर्ट कूरियर टर्मिनल पर 94 करोड़ रुपए के सऊदी रियाल करेंसी जब्त की गई थी। इस करेंसी को दुबई भेजे जाने वाले लेडीज लहंगों की निर्यात खेप में छिपाकर रखा गया था। इसी साल जनवरी में डीआरआई ने हैदराबाद और बेंगलुरु एयरपोर्ट से दुबई जाने वाले चार यात्रियों से करीब 14 करोड़ रुपए के प्राकृतिक और प्रयोगशाला में उगाए गए हीरे बरामद किए। दोनों ही मामलों में हीरे चॉकलेट के पैकेट में छिपाए गए थे। इस साल जुलाई में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने पूर्वी लद्दाख में दो कुलियों द्वारा खच्चरों पर तस्करी करके लाया जा रहा 108 किलोग्राम सोना जब्त किया था। नावों से लाया जाता है सोना डीआरआई की रिपोर्ट के मुताबिक, दुबई और बैंकॉक में कम कीमत पर उपलब्ध सोने को अक्सर श्रीलंका ले जाया जाता है और वहां से समुद्री मार्ग के जरिये इसकी भारत में तस्करी की जाती है। कई मामलों में यह सोना मछली पकड़ने वाली नौकाओं से लाया गया है। कई तस्करी ऑपरेशन नावों के जरिये ही होते हैं।



## संपादकीय

# कथनी और करनी में बहुत अंतर, किसानों को लेकर शिवराज के बयान पर RJD ने कसा तंज

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने शनिवार को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधा। शिवराज सिंह ने किसानों की स्तिथि को लेकर संसद में बयान दिया था। शिवराज सिंह चौहान के बयान पर कटाक्ष करते हुए मनोज झा ने कहा कि उनकी कथनी और हकीकत में बहुत अंतर है। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए मनोज झा ने अधिकारियों की भी आलोचना की। उन्होंने मुआवजे और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर आंसू गैस के इस्तेमाल का विरोध किया। मनोज झा ने कसा तंज मनोज झा ने कहा, कल भी केंद्रीय कृषि मंत्री ने मेरे सवाल के जवाब में संसद में (किसानों के बारे में) बहुत अच्छी बातें कहीं। उनकी कथनी और हकीकत में बहुत अंतर है। कभी आंसू गैस, कभी लाठीचार्ज किया जाता है। मनोज झा ने केंद्र सरकार से किसानों से बात करने और उनकी मांगें मानने का आग्रह किया। शुक्रवार को कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने किसानों के कल्याण और इन दरों पर फसलों की खरीद सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। शिवराज चौहान ने कहा, एमएसपी तब प्रदान किया जाता है जब फसलें एमएसपी से कम दरों पर बेची जाती हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसानों का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। हमने एमएसपी बढ़ाने और एमएसपी दरों पर फसल खरीदने की दिशा में काम किया है। शंभू बॉर्डर पर टकराव के बाद सरकार से बातचीत के लिए राजी किसान, दिल्ली कूच का क्या है प्लान शिवराज ने की मोदी



सरकार की तारीफ शिवराज चौहान ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में किसानों के लिए बजट आवंटन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों के कल्याण के लिए समर्पित है। पिछले 10 वर्षों में कृषि के लिए बजट में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि हुई है। मोदी सरकार दूरदर्शिता के साथ काम करती है, किसानों की आय बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करती है। केंद्र सरकार से फसलों पर कानूनी गारंटी या एमएसपी की मांग करते हुए किसानों ने शुक्रवार को दिल्ली चलो मार्च शुरू किया। उन्हें संभू सीमा पर पुलिस ने रोक दिया और प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। विरोध प्रदर्शन के दौरान कई किसान कथित तौर पर घायल हो गए।

## आस्था...

### फ्रिज के ऊपर इन 5 चीजों को रखने से छीन जाती है घर की खुशहाली...

आजकल अधिकतर घरों में आपको फ्रिज देखने को मिल जाएगी। बदलते दौर में यह एक ऐसा अप्लाइंस बन गया है, जिसकी जरूरत हर घर में होती है। खासकर गर्मियों में तो इसके बिना काम ही नहीं चलता। पानी से लेकर दूध-दही सब्जी के साथ कई समान इसमें रखा जाता है। आमतौर पर यह भी देखा जाता है कि कुछ लोग घर की सजावट के दौरान फ्रिज के ऊपर कुछ चीजें रख देते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा करना सही भी है या नहीं? दरअसल, कई बार हम जाने-अनजाने में ऐसी चीजें फ्रिज पर रख देते हैं, जो नुकसानदायक हो सकती हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, फ्रिज पर इन चीजों को रखने से घर में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही आपको जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जिस तरह से हम फ्रिज के अंदर रखने वाली चीजों का ध्यान रखते हैं ठीक उसी प्रकार फ्रिज के ऊपर कुछ भी रखने से पहले ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि वास्तु के अनुसार, कुछ सामान ऐसे भी जिन्हें इसपर रखने से बचना चाहिए। आइए जानते हैं इन चीजों के बारे में। फ्रिज पर न रखें बांस का पौधा अक्सर होम डेकोरेशन के लिए लोग बांस का पौधा खरीदते हैं और इसे टेबल पर रखने के साथ-साथ फ्रिज के ऊपर रख देते हैं। लेकिन वास्तु के अनुसार, ऐसा करना शुभ नहीं माना गया है। माना जाता है कि फ्रिज के ऊपर इस पौधे को रखने से कोई लाभ नहीं मिलता है। जब कि लोग इसे नेगेटिव एनर्जी को दूर करने के लिए घर में रखते हैं। इसलिए इसे घर में ऐसी जगह रखें, जहां यह सकारात्मक ऊर्जा फैला सके। 15 दिसंबर से इन 4 राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, अगले 30 दिनों तक पैसों की हो सकती है बारिश, करियर-व्यापार में तरक्की के प्रबल योग ट्रॉफी और अवॉर्ड कुछ लोग अपनी ट्रॉफी या अवॉर्ड फ्रिज के ऊपर सजाकर रख देते हैं। लेकिन वास्तु के अनुसार, ऐसा करने से घर में नकारात्मक असर पड़ सकता है। इसलिए फ्रिज के ऊपर ट्रॉफी या अवॉर्ड बिल्कुल नहीं रखना चाहिए। इसके साथ ही पैसों की तंगी का भी सामना करना पड़ता है। फिश एक्वेरियम अक्सर लोग फिश एक्वेरियम की मदद से होम डेकोरेशन करना पसंद करते हैं। इसलिए घर को सुंदर बनाने के लिए इसे खरीदकर लाते हैं और फ्रिज के ऊपर रख देते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**
**मेष:** लाभ लेने के लिए बड़ों को अपनी अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। आज आप घर से बाहर तो बहुत सकारात्मकता के साथ निकलेंगे लेकिन किसी कीमती वस्तु के चोरी होने की वजह से आपका मूड खराब हो सकता है। पढ़ाई की क ीमत पर घर से ज्यादा देर तक बाहर रहना आपको माता-पिता के गुस्से का शिकार बना सकता है। करिअर के लिए योजना बनाना उतना ही आवश्यक है, जितना कि खेलना-कूदना। इसलिए माता-पिता को खुश करने के लिए दोनों में संतुलन बनाना जरूरी है। आज आपके और आपके प्यार के बीच कोई आ सकता है।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**
**वृषभ:** कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है- जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा। आज यदि आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा रहे हैं तो पैसा सोच समझकर खर्च करें। धन हानि हो सकती है। कुछ दिनों से आपका व्यक्तिगत जीवन ही आपके ध्यान का केंद्र रहा है। लेकिन आज आप सामाजिक कार्यों पर ज्यादा ध्यान देंगे और जरूरतमंदों की मदद करने की कोशिश करेंगे। जो भी बोलें, सोच-समझकर बोलें। क्योंकि कड़वे शब्द शांति को नष्ट करके आपके और आपके प्रिय के बीच दरार पैदा कर सकते हैं।

**मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**
**मिथुन:** आज शान्त और तनाव-रहित रहें। जो लोग काफी वक्त से आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे उन्हें आज कहीं से धन प्राप्त हो सकता है जिससे जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाएंगी। कुछ लोग जितना कर सकते हैं, उससे कई ज्यादा करने का वादा कर देते हैं। ऐसे लोगों को भूल जाएँ जो सिर्फ गाल बजाना जानते हैं और कोई परिणाम नहीं देते। दोस्ती में प्रगाढ़ता के चलते रोमांस का फूल खिल सकता है। प्रेमी को वक्त देने की कोशिश करेंगे लेकिन किसी जरुरी काम के आ जाने के कारण आप उनको समय दे पाने में कामयाब नहीं हो पाएंगे। आप अपने जीवनसाथी के प्यार की गर्माहट महसूस कर सकते हैं।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**
**कर्क:** इच्छाशक्ति की कमी आपको भावनात्मक और मानसिक परेशानियों में फँसा सकती है। जिन लोगों ने किसी से उधार लिया है उन्हें आज किसी भी हालत में उधार चुकाना पड़ सकता है जिससे आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर हो जाएगी। रिश्तेदारों से सहयोग मिलेगा और दिमागी बोझ से छुटकारा मिलेगा। मतभेद के चलते व्यक्तिगत संबंधों में दरार पड़ सकती है। सेमिनार और प्रदर्शनी आदि आपको नई जानकारियाँ और तथ्य मुहैया कराएंगे। जीवनसाथी द्वारा परिवार और मित्रों के बीच नकारात्मक तरीके से आपके वैवाहिक जीवन की निजी बातें उजागर हो सकती हैं।

**सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**
**सिंह:** ज्यादा यात्रा करना झुंझलाहट पैदा कर सकता है। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके खर्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। परिवार के सदस्य कई चीजों की मांग कर सकते हैं। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल रहेगा। आज टीवी या मोबाइल पर कोई मूवी देखने में आप इतना व्यस्त हो सकते हैं कि आप जरुरी कामों को करना भी भूल जाएंगे। मुमकिन है कि आपके माता-पिता आपके जीवनसाथी को कुछ शानदार आशीर्वाद दें, जिसके चलते आपके वैवाहिक जीवन में और निखार आएगा।

**कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**
**कन्या:** शकी स्वभाव के चलते आपको हार का मुँह देखना पड़ सकता है। बीते दिनों में जितना धन आपने आज को बेहतर बनाने के लिए इनवेस्ट किया था उसका फायदा आज आपको फायदा मिल सकता है। आम परिचितों से व्यक्तिगत बातों को बांटने से बचें। आज आप अपने प्रेमी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे लेकिन किसी जरुरी काम के आने की वजह से यह प्लान कामयाब नहीं हो पाएगा जिसकी वजह से आप दोनों के बीच कहासुनी हो सकती है। आज आप सारे रिश्तों और रिश्तेदारों से दूर होकर अपना दिन किसी ऐसी जगह पर बिताना पसंद करेंगे जहां जाकर आपको शांति प्राप्त होती है।

**तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**
**तुला:** काम के बीच-बीच में थोड़ा आराम करें और देर रात तक काम न करें। रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-खासा मुनाफा देंगे। आपकी स्वच्छन्द जीवनशैली घर में तनाव पैदा कर सकती है, इसलिए देर रात तक बाहर रहने और ज्यादा खर्च करने से बचें। व्यक्तिगत मार्गदर्शन आपके रिश्ते में सुधार लाएगा। आज जीवन के कई अहम मुद्दों पर आप घरवालों के साथ बैठकर बात कर सकते हैं। आपकी बातें घरवालों को परेशान कर सकती हैं लेकिन इन बातों का हल अवश्य निकलेगा। आज आपको अपने जीवनसाथी से एक बार फिर प्यार हो जाएगा।


**वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**
**वृश्चिक:** झल्लाना और खीजना आपकी सेहत खराब कर सकता है। पुरानी बातों में न उलझें और जितना हो सके आराम करने की कोशिश करें। जिन व्यापारियों के संबंध विदेशों से हैं उन्हें आज धन हानि होने की संभावना है इसलिए आज के दिन सोच समझकर चलें। काम-काज में जरूरत से ज्यादा तनाव के चलते परिवार की जरूरतों और इच्छाओं को दरकिनार न करें। प्यार बहार की तरह है; फूलों, रोशनी और तितलियों से भरा हुआ। आज आपका रोमानी पहलू उभरकर आएगा। जीवन का आनंद लेने के लिए आपको अपने दोस्तों को भी समय देना चाहिए।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**
**धनु:** आज आप ऊर्जा से लबरेज होंगे- आप जो भी करेंगे उसे आप उससे आधे वक़्त में ही कर देंगे, जितना वक़्त आप अक्सर लेते हैं। तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है। बढ़िया दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ खींचेंगे- आपके सामने चुनने के लिए कई चीजें होंगी और आपके सामने समस्या यह होगी कि किसे पहले चुना जाए। विवाह-प्रस्ताव के लिए सही समय है, क्योंकि आपका प्यार जीवन भर के साथ में बदल सकता है। आपकी संप्रेषण अर्थात कम्यूनिकेशन की क्षमता प्रभावशाली साबित होगी।

**मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**
**मकर:** मुमकिन है कि आपको किसी अंग मे दर्द या तनाव से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़े। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। जीवनसाथी आपको धूम्रपान की लत से छुटकारा पाने के लिए प्रेरित करेगा। दूसरी बुरी आदतें छोड़ने के लिए भी बढ़िया समय है, क्योंकि जब लोहा गर्म हो तभी वार किया जाता है। आपका प्रिय आपको खुश रखने के लिए कुछ खास करेगा। अपने शरीर को दुरुस्त करने के लिए आज भी आप कई बार सोचेंगे लेकिन बाकी दिनों की तरह भी आज यह प्लान धरा का धरा रह जाएगा। यह शादीशुदा ज़िन्दगी के सबसे खास दिनों में से एक है। आपको प्रेम की गहराई का अनुभव करेंगे।

**कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**
**कुंभ:** अपनी सेहत का खयाल रखें। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है. पढ़ाई की क ीमत पर घर से ज्यादा देर तक बाहर रहना आपको माता-पिता के गुस्से का शिकार बना सकता है। करिअर के लिए योजना बनाना उतना ही आवश्यक है, जितना कि खेलना-कूदना। इसलिए माता-पिता को खुश करने के लिए दोनों में संतुलन बनाना जरूरी है। प्यार एक ऐसा जज्बा है जिसे न सिर्फ महसूस किया जाना चाहिए, बल्कि अपने प्रिय के साथ बांटना भी चाहिए। आज आपको अपने ससुराल पक्ष से कोई बुरी खबर मिल सकती है।

**मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**
**मीन:** आप अपनी भावनाओं पर काबू रखने में दिक़्क़त महसूस करेंगे झ आपका अजीब रवैया लोगों को भ्रमित करेगा और इसलिए आपमे झुंझलाहट पैदा करेगा। जो उधारी के लिए आपके पास आएँ, उन्हें नजरअन्दाज करना ही बेहतर रहेगा। अपने दिन की योजना सावधानी से तय करें। ऐसे लोगों से बात करें, जो आपकी मदद कर सकते हैं। सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है। अगर आपके पास हालात से उबरने के लिए दृढ़ इच्छा-शक्ति है, तो कुछ भी असंभव नहीं है। अपने जीवनसाथी के किसी छोटी बात को लेकर बोले गए झूठ से आप आहत महसूस कर सकते हैं।





# ऐसे फूड, जो नवरात्रि में गला देंगे हर जगह की चर्बी

**22 मार्च से चैत्र नवरात्रि शुरू होने जा रहे हैं, वेट लॉस शुरू करने के लिए यह बेस्ट वक्त है। जिस दौरान फास्टिंग के साथ हेल्दी फूड खाकर चर्बी खत्म की जा सकती है।**

नवरात्रि शुरूहो रहे हैं और वेट लॉस करने के लिए ये बहुत अच्छा मौका है। क्योंकि, इस दौरान व्रत रखने से ना सिर्फ मां दुर्गा प्रसन्न होंगी, बल्कि शरीर की सारी चर्बी भी गल जाएगी। बस इसके लिए आपको फास्टिंग के दौरान कुछ वेट लॉस फूड का सेवन करना है। पेट, कमर, हाथ, जांघ और कूल्हों पर सबसे ज्यादा चर्बी इकट्ठा होती है। मगर फास्टिंग के दौरान जब शरीर को खाना नहीं मिलता तो एनर्जी के लिए वह इस चर्बी का इस्तेमाल करने लगता है। लेकिन इस दौरान अत्यधिक कमजोरी, थकान और चक्कर भी आ सकते हैं। जिससे बचने और वेट लॉस को हेल्दी बनाने के लिए 4 फूड खा सकते हैं।

## मखाना से बर्न होगा फैट

व्रत में मखाना जरूर खाना चाहिए। यह आपकी भूख को कंट्रोल करने में मदद करता है। वहीं, यह पेट को भरा रखने वाले फाइबर और प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है। इसलिए एनसीबीआई पर प्रकाशित एक शोध इसे वेट लॉस के लिए फायदेमंद मानता है।

## पनीर खाएं



पनीर में हेल्दी फैट होता है, जो प्रोटीन की भारी मात्रा के साथ मिलता है। अगर आप पनीर को संतुलित मात्रा में खाते हैं, तो वजन कम कर सकते हैं। पनीर पेट को ज्यादा देर तक भरा रखता है और आलू का विकल्प बन सकता है।

## शकरकंद

नवरात्रि व्रत में शकरकंद का सेवन करके चर्बी कम की जा सकती है। लेकिन पनीर की तरह इसकी भी मात्रा पर ध्यान देना जरूरी है। आप शकरकंद की चाट बनाकर खा सकते हैं, जो वेट लॉस में मदद करने वाला फाइबर देती है।

## वजन कम करने के लिए फल

चैत्र नवरात्रि से गर्मी बढ़ने लगती है, जिसका असर शरीर पर भी दिखता है। गर्मी से छुटकारा दिलाने और वजन घटाने के लिए फलों की चाट खाएं। इस चाट के अंदर तरबूज, खरबूजा, सेब, अनार, पपीता आदि को मिला सकते हैं।

## वेट लॉस ड्रिंक है पानी

वेट लॉस करते हुए भरपूर पानी पीना चाहिए। क्योंकि, यह ना सिर्फ डिहाइड्रेशन से बचाता है, बल्कि वेट लॉस के लिए जरूरी मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ाता है।

# केमिकल्स से पके फलों की कैसे करें पहचान?

दूध और हरी सब्जियों के अलावा फल भी हमारी सेहत के लिए अच्छे माने जाते हैं। सेब, अनार, केला, संतरा और पपीता ऐसे फल हैं, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। अगर आप सप्ताह में दो दिन किसी भी फल का सेवन करते हैं, तो आप बीमारियों से बचे रहने के साथ आपकी इम्युनिटी भी बढ़ती है लेकिन क्या आप जानते हैं कि नेचुरल तरीके से पके फल ही आपकी सेहत के लिए अच्छे होते हैं। केमिकल में पकाए हुए फल आपके लिए बहुत हानिकारक होते हैं। ऐसे में आपको पहचान होनी चाहिए कि जो फल आप खा रहे हैं, कहीं वे किसी केमिकल में तो नहीं पकाए गए हैं।


## केमिकल्स से पके फलों की ऐसे करें पहचान

- केमिकल्स से पके फलों को पहचानने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आपको उस फल पर हरे पैचेज देखने को मिलेंगे। जिस हिस्से पर केमिकल लगा होगा, वे पीला रहेगा बाकी बीच-बीच में हरा दिखाई देगा, जबकि प्राकृतिक रूप से पके हुए फल में हरे-पीले रंग के कोई पैचेज नहीं दिखाई देंगे।
- केमिकल से पकाए हुए आम को काटने पर वे अंदर से कहीं पर पीला तो कहीं पर सफेद रंग का नजर आएगा। जबकि पेड़ पर प्राकृतिक रूप से पका हुआ फल पूरी तरह पीला नजर आता है।
- केमिकल से पके हुए फल का छिलका ज्यादा पका हुआ होगा लेकिन अंदर से इसमें कच्चापन हो सकता है।
- केमिकलयुक्त फल खाने पर मुंह का स्वाद कसैला हो जाता है और मुंह में हल्की जलन भी होने लगती है। इसके अलावा कई बार ऐसे फल खाने के कुछ देर बाद पेट दर्द या उल्टी की समस्या या डायरिया की शिकायत भी हो सकती है।

## रखें सावधानियां

- कोरोना के खतरे के बीच आपको बाजार से लाकर फल को और भी अच्छी तरह धो लेना चाहिए। फल खरीदकर लाने के तुरंत बाद उसे पानी से अच्छी तरह धो लें।
- खाने से पहले आम को गुनगुने पानी में कम से कम 5 मिनट के लिए भिगोकर जरूर रखें। उसके बाद उन्हें दोबारा दूसरे पानी से धोकर ही खाएं।









# एच3एन2 वायरस से हो रहे बुखार-खांसी को खत्म करेंगे घरेलू उपाय

**पिछले कुछ हफ्तों में एच3एन2 वायरस के मामले तेजी से बढ़े हैं। मरीजों में बुखार और खांसी की सबसे ज्यादा समस्या देखी जा रही है। डॉक्टर ने इसके लिए एंटीबायोटिक न लेने के सलाह दी है। कुछ घरेलू उपचार आपके काम आ सकते हैं।**

दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई हिस्सों में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा वायरस का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में इसके मामले तेजी से बढ़े हैं। मरीजों में खांसी, बुखार, मतली, उल्टी, गले में खराश, बदन दर्द और दस्त जैसे लक्षण देखे जा रहे हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का मानना है कि संक्रमण के लक्षण पांच से सात दिनों तक बने रहे सकते हैं। एच3एन2 से होने वाला बुखार तीन दिनों में उतर जाता है लेकिन खांसी के लक्षण तीन हफ्ते तक बने रह सकते हैं। इसके लक्षण सीजनल कोल्ड और कफ की तरह होते हैं।
इसकी चपेट में ज्यादातर बुजुर्ग या 15 साल से कम उम्र के बच्चे आ रहे हैं। मरीजों को बुखार के साथ अपर रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन हो रहा है। संक्रमण के इलाज के लिए एंटीबायोटिक्स न लेने की सलाह दी है। हमने दिल्ली स्थित करुणा हॉस्पिटल में जनरल फिजिशियन डॉक्टर ज्ञानेश्वर से बात उन्होंने बताया है कि संक्रमण से होने वाले बुखार और खांसी को कुछ आसान घरेलू उपायों के जरिए ठीक किया जा सकता है। चलिए जानते हैं क्या हैं वो उपाय-

## हाइड्रेटेड रहें

हाइड्रेटेड रहने से शरीर को संक्रमण से लड़ने की ताकत मिलती है। इसके लिए बहुत सारे तरल पदार्थ जैसे पानी, डिकैफ़िनेटेड चाय, जूस और सूप लें। मीठे पेय पदार्थ, सोडा, शराब और कॉफी जैसे पेय पदार्थों से बचें। प्यास नहीं लगने पर भी पानी पीते रहें।

## खांसी-बुखार के लिए अदरक है बेस्ट

सर्दी, बुखार, खांसी और फ्लू के अन्य लक्षणों को खत्म करने के लिए अदरक एक पावरफुल जड़ी बूटी है। आप लक्षणों को कम करने के लिए अदरक की चाय या फिर अदरक का पानी पी सकते हैं।

## तरल पदार्थों में हल्दी डालकर पिएं



डॉक्टर ने बताया कि हल्दी में पाए जाने वाले करक्यूमिन पदार्थ में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। हल्दी खांसी और बुखार का बढ़िया इलाज है। इसकी पावर बढ़ाने के लिए आप इसे काली मिर्च के साथ ले सकते हैं। आप 1 चम्मच हल्दी और 1/8 चम्मच काली मिर्च को संतरे के रस, चाय या सूप में मिलाकर ले सकते हैं। यह ब्रोंकाइटिस, अस्थमा और ऊपरी श्वसन रोगों से निपटने के लिए शक्तिशाली इलाज है।

## नमक के पानी से गरारे करें

नमक के पानी से गरारे करने से ऊपरी श्वसन संक्रमण को रोकने में मदद मिल सकती है। यह बुखार और खांसी को कम करने में मदद करता है, साथ ही गले के संक्रमण को भी कम करता है। नमक के पानी से गरारे करने से बलगम कम होता है और ढीला होता है, जो बैक्टीरिया और एलर्जी का बड़ा कारण है।

## शहद और तुलसी

शहद, अदरक और तुलसी को पावरफुल जड़ी बूटी माना जाता है। सर्दी, खांसी और बुखार के लक्षणों को कम करने के लिए सादा पानी पीने के बजाय पानी में शहद, अदरक और तुलसी को उबालकर पिएं। इससे साइनस को खोलने, गले का संक्रमण खत्म करने और खांसी रोकने में मदद मिल सकती है।

## बुखार में आराम करें

बुखार से आपका शरीर कमजोर हो सकता है क्योंकि उसे संक्रमण से लड़ने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इसलिए जितना हो सके आराम करें। साथ ही कोई भी हार्ड फिजिकल एक्टिविटी न करें रात को आठ से नौ घंटे या ज्यादा सोने की कोशिश करें।


## मोटे कपड़े या कंबल लेने से बचें

अक्सर देखा गया है कि बहुत से लोग बुखार होने पर मोटा कंबल ओढ़कर सोते रहते है या हमेशा मोटे कपड़े पहनते हैं। इसके बजाय हल्के कपड़े पहनें, गुनगुने पानी से नहाएं, कमरे के तापमान का पानी पिएं। सबसे बड़ी बात ठंड लगने पर बहुत अधिक कंबलों का उपयोग करने से बचने का प्रयास करें।

## विटामिन सी से भरपूर चीजें खाएं




विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत करती हैं और आपको सर्दी और खांसी पैदा करने वाले वायरस से बचाती हैं। आंवला, संतरा, नींबू जैसी चीजों का खूब सेवन करें।



# आंखों की चमक बढ़ाने के लिए अपनाएं ये तरीके

**लंबे समय तक काम करने, मोबाइल पर व्यस्त रहने या टीवी देखने के कारण भी आंखों में थकान हो जाती है। इस कारण पूरे चेहरे का नूर गायब हो जाता है। साथ ही आप मानसिक रूप से भी थका हुआ अनुभव करने लगते हैं। यहां बताए गए तरीकों से आंखों में ताजगी भरकर आप पूरे शरीर को एनर्जेटिक बना सकते हैं.**

आपके शरीर पर थकान का सबसे पहला असर आपकी आंखों पर दिखता है। आंखें इतनी अधिक संवेदनशील होती हैं कि आप शारीरिक और मानसिक तौर पर कैसा अनुभव कर रहे हैं, इसकी साफ-साफ झलक आपकी आंखों में देखी जा सकती है। थकान होने पर आंखों के चारों तरफ काले घेरे अधिक डार्क हो जाते हैं और आंखों की चमक फीकी पड़ जाती है। यहां जानें इस स्थिति में किस तरह आंखों में तुरंत चमक बढ़ाई जा सकती है और थकान को दूर किया जा सकता है.

## आंखों की थकान दूर करने का सबसे आसान तरीका

- बोझिल आंखों में नई जान फूंककर फिर से चमक बढ़ानी है तो अपने दोनों हाथों की हथेलियों को आपस में रगड़ें।
- थेली रगड़ने की शुरुआत धीमी गति से करें और फिर धीरे-धीरे स्पीड बढ़ा दें। जब हथेलियां पूरी तरह गर्माहट देने लगें तो धीमी गति के साथ ही इन्हें रगड़ना बंद करें और अपनी आंखों पर 30 सेकंड्स के लिए रख लें।
- एक समय पर आप दो बार इस प्रक्रिया को दोहराएं आपको बहुत अधिक लाभ मिलेगा। क्योंकि हथेलियों को रगड़ने से एक्युप्रेशर पॉइंट्स पर दबाव पड़ता है और शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है।
- हथेलियों की गर्माहट से आंखों का तनाव कम होता है और शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ने से स्फूर्ति आती है।

## आंखों की थकान दूर करने का तरीका

### आंखों को ठंडे पानी से धोएं

- आंखों की थकान दूर करने का दूसरा आसान तरीका है कि आप अपनी आंखों को ठंडे पानी से धुलें। इसके लिए फ्रिज का पानी और सामान्य पानी को आधा-आधा मिला लें। अब इस पानी से आंखों पर छींटे दें। आपको तुरंत ताजगी का अनुभव होगा।

### ठंडे दूध का उपयोग

- फ्रिज में रखे हुए दूध को दो चम्मच निकाल लें। अब इस दूध में रुई को भिगोकर दोनों आंखों पर रख लें। करीब 3 से 4 मिनट के लिए रूई को आंखों पर रखने के बाद इसे हटा दें और आखों को ताजे पानी से साफ कर लें। आप एक नई ऊर्जा का संचार अपने अंदर अनुभव करेंगे।

### बर्फ से सेक करें

- आंखों के नीचे की सूजन कम करने, डार्क सर्कल का असर हटाने और थकान मिटाने के लिए आप आइस क्यूब्स का उपयोग करें।
- फ्रिज से आइसक्यूब निकालें उसे हल्का-सा धुल लें। इसके बाद कॉटन के साफ रुमाल में लपेटकर आंखों की सिकाई करें। बस 2 से 3 मिनट की सिकाई काफी है और आपकी आंखों में ताजगी नजर आएगी।



# स्किन एलर्जी से परेशान लोग अपनाएं ये घरेलू उपाय

**वे लोग जिन्हे रह-रह कर स्किन एलर्जी का सामना करना पड़ता है, वे यहां दिए कुछ घरेलू नुस्खे आजमा सकते हैं। इन नुस्खों से आपको कोई नुकसान नहीं होगा क्योंकि ये पूरी तरह से नेचुरल हैं।**

घरेलू उपचार हमेशा से ही भारतीय घरों का हिस्सा रहे हैं। यदि पेट में दर्द हो या फिर कहीं चोट-खरोंच लग गई हो, घर वाले डॉक्टर के जाने से पहले घरेलू नुस्खे आजमाने की नसीहत देंगे। इन घरेलू उपचारों में काफी दम होता है, इसलिए यह स्किन में होने वाली छोटी-मोटी एलर्जी को भी ठीक कर सकते हैं।
स्किन एलर्जी आज-कल हर किसी के लिए समस्या बनी हुई है। कभी किसी खाने के चलते तो कभी किसी क्रीम या कॉस्मेटिक के चलते स्किन पर रैशेज, पिंपल और खुजली की समस्या होने लगती है, जो कई बार चेहरे और शरीर पर कई तरह के निशान भी छोड़ जाती है। स्किन एलर्जी फूड एलर्जी से काफी अलग होती है और काफी परेशान भी करती है। स्किन एलर्जी में कई बार शरीर में दाने, या फिर हल्के लाल धब्बे आने लगते हैं। स्किन एलर्जी खासकर तब होती है, जब कोई इरिटेंट या फिर एलर्जी आपकी त्वचा के संपर्क में आती है और आपका इम्यून सिस्टम उन्हें रोकने के लिए एंटीबॉडी रिलीज करती है। कई बार यह एलर्जी सामान्य तो कभी गंभीर हो सकती है। वहीं, कुछ एलर्जी पुरानी होती हैं, जिन्हें दवाओं से दूर किया जा सकता है। लेकिन, अगर आपको कुछ हल्की एलर्जी है, तो कुछ शानदार घरेलू उपचारों के जरिए इससे आसानी से निपटा जा सकता है। अगर आप भी त्वचा की एलर्जी के लक्षण खुद में नजर आ रहे हैं, तो तुरंत राहत पाने के लिए आप इन घरेलू उपायों को अपना सकते हैं-
टी-ट्री ऑइल मुंहासों और पिंपल्स से छुटकारा पाने का बेहतरीन तरीका है। स्किन एलर्जी में भी टी-ट्री ऑइल काफी हेल्पफुल होता है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज होती हैं, जो कई तरह की स्किन एलर्जीज से छुटकारा दिलाती हैं। । त्वचा में होने वाली रेडनेस और खुजली से छुटकारा पाने के लिए टी-ट्री ऑयल एक बेहतरीन ऑप्शन है।

## नारियल का तेल



नारियल का तेल स्किनकेयर के लिए सबसे बेहतरीन तेल है। इसमें मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं जो एलर्जी होने की स्थिति में यह त्वचा को सुरक्षित करता है। यही नहीं, नारियल का तेल एलर्जी के कारण होने वाली खुजली को भी कम करता है।

### कैसे करें इस्तेमाल

एक कटोरी में थोड़ा सा नारियल तेल लें और इसे 5 सेकेंड के लिए थोड़ा गर्म करें। फिर इस गर्म तेल को उस जगह पर लगाएं, जहां आपको एलर्जी के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। याद रहे इसे एलर्जी वाले जगह पर लगाकर छोड़ दें, मालिश न करें। इसे एक घंटे के लिए छोड़ दें। आप नारियल तेल का इस्तेमाल 3-4 घंटों के बाद फिर कर सकते हैं। इससे स्किन एलर्जी से छुटकारा मिलेगा।

## एलोवेरा जेल

एलोवेरा के औषधीय गुणों से हम सभी वाकिफ हैं। एलोवेरा को कई तरह से इस्तेमाल किया जाता है। कुछ लोग जूस के तौर पर भी इसका इस्तेमाल करते हैं। स्किन एलर्जी से छुटकारा पाने का भी यह सबसे बेहतरीन उपाय है। अगर आपको एलर्जी के कारण शरीर में खुजली और त्वचा के सूखने की समस्या हो रही है तो एलोवेरा के औषधीय गुणों से जल्दी ही जलन और खुजली से राहत मिलती है।

### कैसे करें इस्तेमाल

खुजली से छुटकारा पाने के लिए सबसे पहले कुछ ताजा एलोवेरा लें और इसे त्वचा पर लगाएं। अगर आपके पास एलोवेरा का पौधा नहीं है तो एलोवेरा जेल इस्तेमाल कर सकते हैं। 30 से 40 मिनट तक के लिए एलोवेरा जेल लगाकर छोड़ दें, कुछ ही दिनों में खुजली और जलन की समस्या से राहत मिलेगी।

## एप्पल साइडर विनेगर

एप्पल साइडर विनेगर को सामान्य तौर पर लोग वजन कम करने और पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए करते हैं। लेकिन, यह सिर्फ वजन कम करने या डायजेशन को ठीक करने में ही नहीं, बल्कि शानदार स्किनकेयर एजेंट भी है। इसमें एसिटिक एसिड होता है जो त्वचा में होने वाली खुजली और एलर्जी के प्रभाव को कम ककरात है। हालांकि, सेंसेटिव स्किन पर इसके इस्तेमाल की सलाह नहीं दी जाती है।

### कैसे करें इस्तेमाल

एक कप गर्म पानी में एक टेबलस्पून एप्पल साइडर विनेगर मिलाएं। अब कॉटन की हेल्प से इस मिश्रण को इफेक्टिव एरिया में लगाएं। अब इसे सूखा होने के लिए छोड़ दें और फिर ठंडे पानी से धो लें। स्किन एलर्जी से छुटकारा पाने के लिए दिन में कम से कम दो बार ऐसा कर सकते हैं।

## बेकिंग सोडा

स्किन एलर्जी से छुटकारा पाने के लिए आप बेकिंग सोडा का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बेकिंग सोडा किचन में पाई जाने वाली एक ऐसी चीज है, जो त्वचा की कई समस्याओं को दूर करता है। अगर आप स्किन एलर्जी से परेशान हैं तो भी बेकिंग सोडा का उपयोग भी कर सकते हैं, लेकिन इसे इस्तेमाल करते समय थोड़ा सावधानी बरतने की जरूरत है। यह स्किन में पीएच संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।

### कैसे करें इस्तेमाल

स्किन पर बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले एक चम्मच बेकिंग सोडा लें और इसमें थोड़ा सा पानी मिलाएं। अब इसका एक स्मूद पेस्ट बना लें और इसे एलर्जी वाली जगह पर एप्लाई करें। 10 मिनट बाद इसे धो लें। एलर्जी से छुटकारा पाने के लिए दिन में 3 से 4 बार आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

# राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी की सम्मानित की झलकियाँ

**( सोजत सिटी से लेकर देश की राजधानी व अंतर राष्ट्रीय स्तर तक हुए सम्मानित )**

**( 23 महिना में 111 बार हुए सम्मानित,)**

♦भारत टाइम्स♦





**सोजत सिटी ।** जाने माने भामाशाह व समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद के राजस्थान प्रदेश सह सचिव व सामाजिक कार्यकर्ता व सोजत मेहँदी नगरी के युवा रत्न व राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी को देश की राजधानी नई दिल्ली में एशिया बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड व समाज भूषण व राजस्थान इंडियन स्टार व रानी लक्ष्मीबाई नारी शक्ति अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया, राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी हर समय समाजसेवा में तत्पर रहते हैं। ( राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी को सोजत तहसील से लेकर जिला स्तर व जिला स्तर से लेकर संभाग स्तर तक व संभाग स्तर से लेकर राज्य स्तर तक व राज्य स्तर से लेकर देश की राजधानी नई दिल्ली राष्ट्रीय स्तर तक व राष्ट्रीय स्तर से लेकर अंतर राष्ट्रीय स्तर तक भामाशाह व समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सोजत सिटी से लगाकर देश की राजधानी तक सम्मानित हो चुके हैं ) सोजत मेहँदी नगरी के युवा रत्न व राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी सोजत सिटी ने सोजत सिटी का नाम पुरे भारत में रोशन किया, राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी ने कोरोना काल में अच्छी सेवा दी, व घर घर मास्क व सेनीटाइजर व गरीब बच्चों को कम्बल व शूटर व बिस्किट वितरण किए गए व कोरोना काल में घर घर सामग्री जाकर वितरण कि गई। गौ माता को हरा चारा व गुड़ व पानी की भी व्यवस्था करते रहते हैं। व वृक्षारोपण भी करते रहते है। सोजत के जाने माने समाजसेवी व राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी ने कोरोना काल में 1000 मास्क वितरण किए व कच्ची बस्तियों में गरीबों में बाटे, 250 सैनिटाइजर वितरण किए गए, 100 कम्बल वितरण की गई, 50 किट खाद सामग्री वितरण की गई, एवं हाल ही में जाने माने भामाशाह व समाजसेवी व राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी ने पुरे वर्ल्ड में राजस्थान के सोजत मेहँदी नगरी का नाम रोशन किया राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी को हर समय समाजसेवा व गौ माता, पशु पक्षियों के लिए हर समय आगे रहते हैं। सोजत के समाजसेवी व भामाशाह व राजस्थान इंडियन स्टार डॉ, महेश सोनी ने कम उम्र में अपना जीवन समाजसेवा में समर्पित किया, राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी ने अपने जीवन में बहुत उतार चढाव देखे मगर सोनी ने हिम्मत नहीं हारी। राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी का कहना है कि आज में इस मुकाम तक पहुंचा हु वो मेरे माता पिता का व माताजी व बाबा रामसापीर का आशीर्वाद है। राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी ने कम उम्र में अपनी अच्छी पहचान बनाई है पुरे वर्ल्ड में एंव बाहर से पधारे प्रशासन व अधिकारी एवं राजनेता व भामाशाह को साफा पहनाकर व गुलदस्ता भेट कर व सोजत की प्रसिद्ध मेहँदी भेंट कर व चांदी की मोमेंटो देकर स्वागत एवं बहुमान धूमधाम से करते है।जाने माने भामाशाह व समाजसेवी राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी हर समय समाजसेवा व गौ माता, पशु पक्षियों के लिए हर समय आगे रहते हैं। सोजत के समाजसेवी व भामाशाह व राजस्थान इंडियन स्टार डॉ, महेश सोनी ने कम उम्र में अपना जीवन समाजसेवा में समर्पित किया, राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी ने अपने जीवन में बहुत उतार चढाव देखे मगर सोनी ने हिम्मत नहीं हारी। राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी का कहना है कि आज में इस मुकाम तक पहुंचा हु वो मेरे माता पिता का व माताजी व बाबा रामसापीर का आशीर्वाद है। राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी ने कम उम्र में अपनी अच्छी पहचान बनाई है।सुइन्या मेले को लेकर बैठक का आयोजन चौहटन /डूंगर राठी की रिपोर्ट बिश्नोई समाज सेवा संस्थान चौहटन के बैनर तले रामजीवन जांगू की अध्यक्षता में रविवार को परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आगामी सुइन्या मेला को लेकर हरि कथा की तैयारी के संबंध में रुप रेखा तैयार की गई। संस्थान के अध्यक्ष रामजीवन जांगू ने बताया कि श्री रामानंद अचार्य के सानिध्य में 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक हरि कथा तथा 28 दिसंबर को जागरण मा का आयोजन किया जाएगा जिसमें मंत्री के के विश्नोई मुख्य अतिथि होंगे। इस बैठक में संरक्षक रामलाल खिलेरी, कोषाध्यक्ष विशनाराम खीचड़, सचिव जगदीश खिलेरी, भंवरा राम बेनीवाल, बाबुराम , चुतरा राम खिलेरी, सुजानाराम ढाका, जगदीश खींचड़ , बाबूराम सारण, ठाकराराम बेनीवाल, धनाराम ,लादूराम ,दीपक ढाका आदि उपस्थित रहे।

## 'शांति का त्यौहार' कार्यक्रमः ठाणे में प्रेम रावत के संदेश से प्रेरित हुए हजारों लोग

♦भारत टाइम्स♦



**ठाणे, महाराष्ट्र।** राज विद्या केंद्र द्वारा आज एक्सिस लॉन, ठाणे, महाराष्ट्र में 'शांति का त्यौहार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 5000 लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रेम रावत जी के सन्देश का वीडियो प्रसारण किया गया, जिसमें प्रेम रावत जी ने कहा कि ₹जब अँधेरा हो जाये आपके जीवन में और ऐसा लगे कि हर एक चीज ने आपको छोड़ दिया है, पर अगर आपका स्वांस आपके अंदर आ रहा है और जा रहा है, तो वह शक्ति जो सारे विश्व को चला रही है, उसने आपको नहीं छोड़ा है। वह हमेशा आपके साथ है। अगर सारी चीजें आपके विपरीत हो जाये, पर अगर वह चीज आपके साथ है तो सबकुछ ठीक है। आपको किसी चीज से डरने की जरूरत नहीं है। इस सन्देश को वहां आये सभी श्रोताओं ने बड़े ध्यानपूर्वक सुना और आगे भी सुनने की अपनी इच्छा व्यक्त की। इस कार्यक्रम ने लोगों को जीवन में शांति को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रेम रावत एक विश्व प्रसिद्ध शिक्षक, बेस्टसेलिंग लेखक एवं मानवतावादी हैं और उन्होंने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। वे संपूर्ण विश्व में अपने श्रोताओं को वास्तव में अपने आपसे जुड़ने और संतुष्टि का जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं। उनका संदेश उनके व्यक्तिगत अनुभव पर आधारित है, उन्होंने पिछले छः दशकों से अधिक समय में 5,500 से अधिक कार्यक्रमों को संबोधित किया है। उनका प्रेम रावत फाउंडेशन भारत में बनटोली (रांची) में 'जन भोजन' सुविधा भी संचालित करता है जिसमें बच्चों और बुजुर्गों को हर रोज पौष्टिक, स्थानीय भोजन और स्वच्छ पानी मिलता है। ऐसी ही सुविधाएं नेपाल और घाना में भी संचालित की जा रही हैं।

## लड़कियां देवी भी है और दुर्गा भी उन्हें दोनों ही रूप बनाकर रखना चाहिए - केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव

**आने वाली पीढ़ी पर समाज और सरकार इन्वेस्ट करती है, वह देश आगे बढ़ता है**

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/ राजेश गुप्ता।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को अलवर में लाल डिग्गी के समीप रानी लक्ष्मीबाई मार्शल आर्ट एकेडमी का उद्घाटन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लड़कियां देवी भी हैं और दुर्गा भी, उन्हें दोनों ही रूप बनाकर रखना चाहिए, क्योंकि वह सक्षम और ताकतवर है, उनमें आत्मरक्षा के गुण होने चाहिए। रानी लक्ष्मीबाई ने जिस तरह दुश्मनों से टक्कर ली उससे प्रेरणा लेकर लड़कियां आगे बढ़े। हर लड़की को ऐसा बनना चाहिए कि वह आत्मरक्षा और देश की रक्षा कर सके। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का खेलो इंडिया विजन के तहत अलवर में सांसद खेल उत्सव की शुरूआत की गई है। जिले में खेल को बढ़ावा देने के लिए दो तरह के खेल क्रिकेट और एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए हैं। मैराथन दौड़ का आयोजन भी किया जा रहा है, साथ ही साथ दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए दिव्यांग दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। फरवरी महीने में जो खेलकूद कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है, वो 5 साल तक आयोजित किए जाएंगे और सभी के लिए फ्री ऑफ कॉस्ट रहेंगे।



हम चाहते हैं कि खेल की प्रतिभाव का विकास हो। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ जो बच्चे पढ़ना चाहते हैं उन बच्चों के अंदर क्यूरियोसिटी और इनोवेशन हो इसके लिए अटल टिंकरिंग लैब की शुरूआत की है। साइंस इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी और मैथमेटिक्स यह केंद्र सरकार का स्ट्रीम प्रोजेक्ट है, यह स्ट्रीम प्रोजेक्ट जिले के हर सरकारी विद्यालय तक पहुँचे इसके लिए पूरा प्रयास करेंगे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सांसद कोष से जिले में गांव के सरकारी स्कूलों में 54 ई लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव भेजा है जिस पर काम शुरू हो गया है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को पढ़ाई के लिए एक अच्छा वातावरण मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी पर समाज और सरकार इन्वेस्ट करती है वही देश आगे बढ़ता है, आने वाली पीढ़ी के लिए जो लोग काम करते हैं उनको प्रोत्साहित करना चाहिए। इस दौरान भाजपा संगठन प्रभारी रोशन लाल सैनी,जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता,पूर्व जिला अध्यक्ष संजय नरुका, जिला महामंत्री गोवर्धन सिंह सिसोदिया,कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन,प्रवक्ता जितेंद्र शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, पार्षद लोचन यादव, पायल सैनी, अविनाश मल्होत्रा,नरेंद्र सिंह राठौड़, सुनील बिलखा, महिपाल सिंह शेखावत, जितेंद्र राठौर, राकेश सेठी, समाजसेवी दौलतपुरा हजरती कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 10 साल के बाद आई माताजी धर्मरथ बैल का हुआ आगमन

**ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ किया भव्य बधावा**

♦भारत टाइम्स♦



**पाली।** तहसील सोजत सिटी ग्राम पंचायत सुरायता श्री आई माताजी का धर्म रथ भैल धर्म प्रचार भ्रमण पर पधारे उनके उपलब्ध में गांव मालपुरिया कला के कोतवाल जमादारी समस्त पंचो री सहमती से गाजा बाजा जोत तिलक करके भव्य स्वागत किया और महिलाओं ने श्री आई माताजी के मंगल गीत गाते हुए व श्री आई माताजी के भक्त बड़ी संख्या पधारकर दर्शन के किये और गांव मालपुरिया मे कोटवाल व जमादारी नये बनाये श्री आई माताजी का धर्म रथ भैल के जती पुनाबाबाजी ने पाग बंधाकर कोटवाल जमादारी नियुक्त किये उनके उपलब्ध में गांव मालपुरिया व चोताले के पंचो कि सहमती से प्रसाद बनाकर यह कार्य किया और गांव मालपुरिया मे श्री आई माताजी का धर्म रथ भैल 10 साल के बाद वापस श्री आई माताजी का धर्म रथ भैल के साथ जती पुना बाबाजी पधारे । आज विक्रम संवत २०८१ मिती मिगसर सुदी ७ सातम रविवार दिनांक 8 दिसंबर 12 सन 2024 और श्री आई माताजी का मंदिर (बडेर) कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एव पाठ स्थापना पूर्ति स्थापना एवं अखंड ज्योति स्थापना श्री आई माताजी का धर्म रथ भैल व परम पूज्यनीय धर्मगुरु दीवान माधवसिह के कर कमलों से प्रतिष्ठा करवाई। विक्रम संवत २०६९ जेष्ठ वदी १२ बारस कृष्ण पक्ष रविवार दिनांक 25 मई 5 सन 2014 को प्राण प्रतिष्ठा हुई थी और नये कोटवाल मोहनलाल सुपुत्र उदाराम काग व नये जमादारी दुर्गा राम सुपुत्र पुखाराम काग इसी गांव में कैलाश काग किसान युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी महामंत्री पद से है। आई माताजी धर्म रथ के साथ आए खेता महाराज, शंकर हाम्बड, राजेन्द्र पंवार, रतनलाल राठौड़ और जेठाराम सोलंकी का ग्रामीणों ने स्वागत किया।

## सुइन्या मेले को लेकर बैठक का आयोजन

♦भारत टाइम्स♦

**चौहटन /डूंगर राठी।** बिश्नोई समाज सेवा संस्थान चौहटन के बैनर तले रामजीवन जांगू की अध्यक्षता में रविवार को परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आगामी सुइन्या मेला को लेकर हरि कथा की तैयारी के संबंध में रुप रेखा तैयार की गई। संस्थान के अध्यक्ष रामजीवन जांगू ने बताया कि श्री रामानंद अचार्य के सानिध्य में 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक हरि कथा तथा 28 दिसंबर को जागरण मा का आयोजन किया जाएगा जिसमें मंत्री के के विश्नोई मुख्य अतिथि होंगे। इस बैठक में संरक्षक रामलाल खिलेरी, कोषाध्यक्ष विशनाराम खीचड़, सचिव जगदीश खिलेरी, भंवरा राम बेनीवाल, बाबुराम , चुतरा राम खिलेरी, सुजानाराम ढाका, जगदीश खींचड़ , बाबूराम सारण, ठाकराराम बेनीवाल, धनाराम ,लादूराम ,दीपक ढाका आदि उपस्थित रहे।



## शिक्षा के क्षेत्र में किया गया दान व्यर्थ नहीं जाता- शैलेश वर्मा

**बालिकाओं को गर्म कंबल एवं जैकेट किये वितरण**





♦भारत टाइम्स♦

**मारवाड़ जंक्शन।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं आदिवासी जनजाति (बालिका छात्रावास) में आज दानदाता भामाशाह भंवर लाल, धन्नाराम भायल पुत्र चेलाराम भायल की और छात्रावास की सभी डेढ़ सौ बालिकाओं को गर्म कंबल एवं गर्म जैकेट वितरण किये गये, इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य एवं दानदाता प्रेरक शैलेश वर्मा ने बोलते हुए कहा की शिक्षा के क्षेत्र में किया दान कभी व्यर्थ नहीं जाता है, विशेषकर यहां बालिकाएं अपने घरो से दूर रह कर अपनी शिक्षा में लीन है, इन बालिकाओं से भविष्य से समाज में दो परिवारों का नाम रोशन होगा, बालिकाओं से सदैव दो परिवार में नई रोशनी होती है, समाजसेवी विपुल शर्मा ने दानदाता परिवार का आभार जताते हुए कहा की विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व होता है, अनुशासन को अपने जीवन में उतारना चाहिये, शिक्षाविद्द राजेंद्र हल्दानिया ने कहा की आज के बच्चे कल का भविष्य है, इन्हे तराशने का कार्य शिक्षा के द्वारा किया जाता है, बालिकाओं से सदैव परिवारों में नई ऊर्जा प्राप्त होती है, संस्था के प्रधानाध्यापक प्रिंसिपल राजीव सैनी ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की रुपरेखा बताते हुए की विषम परिस्थिति में भी बालिकाओं को कोई कमी नहीं आने दी जायेगी, सरकारी साधनों एवं दानदाताओं के माध्यम से हर सुविधाएं हॉस्टल में दिलवाने के लिए प्रयासरत है, प्रेरक शैलेश वर्मा की प्रेरणा से दानदाता भायल परिवार की और से हॉस्टल में सीसी टीवी कैमरे, नये बेडशीट, पिलो विथ कवर, इंटरनेट कनेक्शन, गर्म कंबल, गर्म जैकेट प्राप्त हो जाने से बेहद राहत मिलेगी, अब बालिकाओं का सम्पूर्ण ध्यान इस वर्ष की परीक्षाओं की और केंद्रित होगा, इस मौके पर मंच संचालक रमेश भाटी ने भी दानदाता परिवार का आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम को पर्यावरण प्रेमी नाथू सिंह भाटी, भोपाल सिंह राजपुरोहित ने भी सम्बोधित किया, इस मौके पर रणवीर सिंह, भेरूलाल बैरवा, कन्हैयालाल सोनी, कैलाश मालवीय, शेषाराम सीरवी, विशाल जैन, सहित विद्यालय परिवार के धीरज नगारीया, वार्डन मनीषा, हिम्मत पटेल इत्यादी कई जन उपस्थित थे।

## रेलवे अस्पताल की ओर से 1078 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई

♦भारत टाइम्स♦



**जोधपुर।** द्वितीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेलवे अस्पताल की ओर से 1078 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस आर बुनकर ने बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम के तहत रविवार को रेलवे अस्पताल और संबद्ध स्वास्थ्य इकाइयों की ओर से अभियानपूर्वक रेलवे और गैर रेलवे 1078 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। जिसके तहत गठित दलों ने जोधपुर रेलवे अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों,बाड़मेर, भगत की कोठी, राइकाबाग, मेड़ता रोड,डेगाना, समदड़ी स्वास्थ्य केंद्रों व आसपास की रेलवे कॉलोनियों में 194 रेलवे तथा 884 गैर रेलवे बच्चों को पोलियो टीकाकरण से लाभान्वित किया गया।

## २ लाख 74 हजार 881 नौनिहाल गटकेंगे दो बूंद जिंदगी की

**पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ**

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/ राजेश गुप्ता।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि 8 दिसंबर रविवार को पल्स पोलियो अभियान की शुभारंभ जिला कलेक्टर महोदया श्रीमती आर्तिका शुक्ला ने जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ राजकीय सेटेलाइट हॉस्पिटल काला कुआ अलवर से सुबह 9 बजे किया। इस दौरान जिला कलक्टर महोदया ने कहा कि जिले में पोलियो की खुराक से एक भी बच्चा वंचित नहीं रहे कार्य को पूर्ण ईमानदारी से पूर्ण करें साथ इस दौरान उन्होंने राजकीय सेटेलाइट हॉस्पिटल काला कुआ का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि महाअभियान में जिले में 02 लाख 74 हजार 881 नौनिहालों बच्चों को



पोलियो की खुराक पिलाई जायगी। इस अभियान में नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का समय प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक रहेगा। पल्स पोलियो अभियान के पहले दिनर विवार को जिले में स्थापित किये गये 1820 बूथों पर बच्चों को खुराक पिलाई जा रही है। इसके बाद अगले दो दिन ग्रामीण क्षेत्र में और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित पोलियो की टीमों द्वारा घर-घर जाकर खुराक से वचिंत नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलायेगी। 2लाख 74 हजार 881 को पिलाई जाएगी खुराक आरसीएचओ डॉ मंजु शर्मा ने बताया कि जिले में आयोजित पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 8 दिसम्बर को पोलियो बूथों पर तथा 9-10 दिसम्बर को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। अभियान के अंतर्गत नवजात शिशु से लेकर पांच वर्ष तक की आयु के करीब 2 लाख 74 हजार 881 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि जिले में पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 1820 पोलियों बूथ बनाये गए है। इस अभियान में पोलियो ट्रांजिट टीम 42 तथा 37 मोबाइल टीमें बनाई गई है। जिले में 213 सुपरवाईजर बनाये गए है तथा 8 जिला स्तरीय अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने के लिए मॉनिटरिंग हेतु लगाया गया। उन्होंने बताया कि जिले में पोलियो अभियान की सफलता के लिए सैक्टर बनाए हैं। सभी सैक्टर चिकित्सा अधिकारी भी लगाये गये है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की आवश्यकतानुसार वैक्सीन कैरियर तथा आईसपैक्स उपलब्ध करवा दिए गए हैं। जिले की माँग अनुसार पोलियो वेक्सीन कि डोज राज्य स्तर से प्राप्त कर ली गई है तथा सेक्टरों की मांग के अनुरूप भिजवा दी गई है। उन्होंने जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को रविवार को पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो खुराक पिलाने की आमजन से अपील भी की है।

# सरकार कितना भी दमन कर ले हम अपना जंगल- अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगेः प्रथमेश मिश्रा

**बिलासपुर से हरिहरपुर हसदेव बचाओ पदयात्रा का समापन**

♦भारत टाइम्स♦

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा ग्राम हरिहरपुर में आयोजित आदिवासी, किसान सम्मेलन में स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि सरकार को जितना दमन करना है, जेल में डालना है डाल दे लेकिन हम अपना जंगल जमीन नहीं छोड़ेंगे। मर जाएंगे लेकिन अदानी कंपनी को अपना जंगल जमीन नहीं देंगे। हमारी ग्रामसभा ने कभी कोई सहमति नहीं दी है सरकार जबरन हम आदिवासियों से सब कुछ छीनकर कंपनी को सौंप रही है।

बिलासपुर से 250 किलोमीटर की 15 दिन की हसदेव नदी - जंगल बचाओ पदयात्रा का समापन आज हरिहरपुर में हुआ। इस अवसर पर आदिवासी, किसान सम्मेलन के रूप में सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भर से पर्यावरणीय संवेदनशील आदि पदयात्रियों का ग्रामीणों ने स्वागत किया।




नागरिक और आदिवासी अधिकारों के लिए कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। पदयात्रा में शामिल प्रथमेश मिश्रा, राधेश्याम शर्मा, अजय आयल सिंघानी, निर्मला नायक

सभा को संबोधित करते हुए प्रथमेश मिश्रा ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ हसदेव के साथियों की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की है। यदि यह जंगल खत्म हो गया तो जांजगीर से लेकर सरगुजा तक पानी का गंभीर संकट पैदा हो जायेगा। डॉक्टर सत्यजीत साहू ने कहा कि यह लड़ाई मानवता को बचाने की है। हम सभी इस लड़ाई में साथ है और इसे अवश्य जीतेंगे। संयोजक उमेश्वर सिंह आमों ने कहा कि इधर हमारे बूढ़ा देव के पवित्र स्थान को नष्ट किया उधर अमेरिका में अदानी कंपनी पर अपराध दर्ज हो गया। आलोक शुक्ला ने कहा कि संवैधानिक ग्रामसभा, छत्तीसगढ़ विधानसभा के हसदेव को बचाने के संकल्पों को कुचलकर भाजपा सरकार हसदेव के जंगलों का विनाश कर रही है। यह लड़ाई अब सिर्फ हसदेव में नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में लड़ी जाएगी। डॉक्टर उदयभान सिंह ने कहा कि हमने राज्य निर्माण के लिए आंदोलन किया है और छत्तीसगढ़ राज्य बनाया है लेकिन इसके अस्तित्व से खिलवाड़ होने नहीं देंगे। प्रदेश की प्राकृतिक संपदा को पूंजीपतियों को लूटने के खिलाफ खुलकर लड़ेंगे सत्ता चाहे किसी की भी हो। राधे श्याम शर्मा ने घोषणा की जब तक न्यायपालिका से न्याय नहीं मिलेगा वह अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। पदयात्रा के समापन और सम्मेलन के पश्चात खदान के लिए काटे गए वृक्षों के स्थान पर एक वृक्ष छत्तीसगढ़ महतारी के नाम तुम काटोगे हम लगाएंगे के नारे के साथ पदयात्रियों और ग्रामीणों ने साल के पौधों का पौधरोपण किया। सम्मेलन में एकता परिषद के रघुवीर प्रधान, अजमत राष्ट्रीय युवा संगठन, रविशंकर सिंह, संतोष सिंह, महेश चौधरी, सुषमा पटनायक, नेहरू बसना से शामिल हुए।

# गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म का देवगढ़ दौरा




♦भारत टाइम्स♦

**देवगढ़। विद्याधर वैष्णव।** राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने शनिवार को जिले के देवगढ़ क्षेत्र का दौरा किया और अर्जुनगढ़ गांव में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने अर्जुनगढ़ स्थित श्री देवनारायण मंदिर में दर्शन कर प्रभु का आशीर्वाद लिया। इसके बाद सामाजिक समर्पण का परिचय देते हुए एक निर्धन परिवार के घर पहुंचकर भोजन ग्रहण किया और समाज के सभी तबकों को साथ लेकर चलने का संदेश दिया। इस दौरे के दौरान समाजसेवी मानसिंह बाहरठ, जवाहर जाट, नर्बदा शंकर पालीवाल, किशन गुर्जर, और कुलदीप सिंह ताल उपस्थित रहे। मंत्री का जिले में पधारने पर जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

# बेलागंज प्रखण्ड के धनावां गांव में चोरों ने एक घर को बनाया निशाना

**चोरों द्वारा बेलागंज क्षेत्र में आतंक शुरू हो गया है । इसी क्रम में चोरों ने शनिवार की रात में क्षेत्र के धनावां गांव में एक बुजुर्ग के घर को निशाना बनाते हुए लगभग,आठ लाख के आभूषण के साथझसाथ 50 हजार के नगदी पर हाथ साफ कर दिया।**



♦भारत टाइम्स♦

**गया।** चोरों द्वारा बेलागंज क्षेत्र में आतंक शुरू हो गया है । इसी क्रम में चोरों ने शनिवार की रात में क्षेत्र के धनावां गांव में एक बुजुर्ग के घर को निशाना बनाते हुए लगभग,आठ लाख के आभूषण के साथझसाथ 50 हजार के नगदी पर हाथ साफ कर दिया। बुजुर्ग गृहस्वामी मो.तौकीर अहमद घर में ही सो रहे थे । विकलांग बेटे छत पर ही सो रहे थे। घर के महिला अपने परिवार के यहां चली गई थी। ग्रामीण मो.मुजफ्फर ने कहा कि रात करीब 11 बजे सभी खाना खाकर सोए उसके बाद चोरी के घटना के अंजाम दिया गया है,घर में सभी लोग परेशान हैं काफी नुकसान पहुंचा है।

वहीं भाकपा माले के युवा नेता मो.शेरजहां ने कहा कि ठंड बढ़ते ही चोरों का आतंक शुरू हो जाता है इलाका में हर साल एक ही तरह के पैटर्न देखने को मिलता है। ठंड में चोरों का तो तैयारी रहती है लेकिन प्रशासन का कोई ठोस तैयारी नहीं रहती है। ठंड में गांव के लोग डर दहशत में जीते हैं। हम जिला प्रशासन से अपील करते हैं कि इस तरह के घटना को नकेल कसने के काम करें । जब इलाका में चोरी के घटना बढ़ती है तो आम राहगीरों को भी देर रात चलने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है आम राहगीरों को भी चोरझचोर हल्ला करके पीटना शुरू कर देता है। इस प्रकार के कई घटना प्रकाश में आया है।

# 5000 करोड़ का निवेश, 13,000 ट्रेनें संचालित, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज में निरीक्षण के दौरान दिए विशेष निर्देश

**महाकुंभ-2025 की भव्य तैयारी के तहत केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 8 दिसंबर 2024 को प्रयागराज क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रयागराज जंक्शन, झूंसी और फाफामऊ स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का जायजा लिया।**





♦भारत टाइम्स♦

**शीतल निर्भीक। प्रयागराज।** महाकुंभ-2025 की भव्य तैयारी के तहत केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 8 दिसंबर 2024 को प्रयागराज क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रयागराज जंक्शन, झूंसी और फाफामऊ स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का जायजा लिया। महाकुंभ के दौरान सुगम रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए 5000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से 21 रोड ओवर ब्रिज, रोड अंडर ब्रिज, और नए रेलवे ट्रैक बिछाने सहित अनेक प्रोजेक्ट पूरे किए गए हैं। इस निरीक्षण में गोरखपुर के महाप्रबंधक सहित सुमित कुमार और वाराणसी के डीआरएम विनीत कुमार श्रीवास्तव एवं सभी मंडलों के रेल प्रबंधक भी शामिल रहे। इस दौरान प्रयागराज-वाराणसी रेल मार्ग के दोहरीकरण के तहत गंगा नदी पर ब्रिज संख्या-111 के पुनर्निर्माण और फाफामऊ-जंघई खंड में नए ब्रिज का निर्माण कार्य हुआ। इस महाकुंभ में 13,000 से अधिक ट्रेनें, जिनमें 3000 विशेष गाड़ियां शामिल हैं, श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी। 43 स्थायी होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं और सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सीसीटीवी, मेला टॉवर, और रैपिड एक्शन टीमों की मदद से भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाएगा।

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए मंत्री ने तीर्थ स्थलों के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था करने और स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त कुंभ के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीआरएम वाराणसी ने प्रयागराज जंक्शन और अन्य स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की विस्तार रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि गोरखपुर के महाप्रबंधक ने संरचनात्मक विकास और निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।

प्रेस वार्ता में रेलमंत्री ने महाकुंभ की तैयारियों को ऐतिहासिक बताते हुए इसे श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की प्रतिबद्धता जताई। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष सतीश कुमार और जोनल महाप्रबंधकों सहित अनेक अधिकारियों की उपस्थिति में यह निरीक्षण प्रयागराज क्षेत्र को महाकुंभ 2025 के लिए तैयार करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ। इस आशय की जानकारी जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को दी।

# युवाओं से देश आगे बढ़ रहा है विधायक रावत

**25 लाख के डीएमएफटी फंड से दो अतिरिक्त कक्षा कक्षा का शिलान्यास**

♦भारत टाइम्स♦

**देवगढ़। विद्याधर वैष्णव।** उपखंड के रावत नाहरसिंह बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय देवगढ में युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि भीम विधायक हरिसिंह रावत, अध्यक्षता मुकुट बिहारी शर्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजसमंद ,अति विशिष्ट अतिथि देवगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष शोभा लाल रेगर के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ही डीएमएफटी फंड से 25 लाख के दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष का शिलान्यास,बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन मुख्य अतिथि भीम देवगढ विधायक हरीसिंह रावत के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भीम देवगढ विधायक रावत ने कहा कि युवा से देश आगे बढ़ रहा है, हमारे देश के प्रधानमंत्री युवाओं के साथ मिलकर देश को सही दिशा दे रहे हैं ।सरकार हमेशा युवाओं को आगे लाने के लिए कटिबद्ध है ।युवा महोत्सव जैसे कार्यक्रम सरकार के द्वारा कराया जाना उनके पीछे की मंशा यह है कि देश का युवा आगे आये, उनको अपनी प्रतिभा निखारने का उचित मंच मिले ।देश के युवा का हर सपना पूर्ण हो कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शोभा लाल रेगर ने कहा कि विधायक रावत हमेशा विकास के लिए आगे रहते हैं उन्होंने इस विद्यालय में भी दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष देकर ,बैडमिंटन कोर्ट देकर विकास को आगे बढ़ाया है युवा महोत्सव जैसे कार्यक्रम निश्चित ही युवक आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए एक अच्छा मंच है। अतिथियों का स्वागत मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी कान सिंह चौहान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एकल लोक नृत्य में देव सुथार ,कहानी लेखन में ललिता कुमारी, चित्रकला किशन लाल, कृषि उत्पादन खुशी वेद कविता लेखन जसोदा, एकल गायन आशा कुमारी, भाषण



लक्ष्मी कुमारी, समूह लोक नृत्य वंदना रेगर, माडना खुशबू रेगर, फड़ पेंटिंग उर्मिला, लोकगीत राजेश गुर्जर ,भीती चित्र दुर्गेश कुमार ,हैंडिकैप्ड में भावेश कुमार प्रथम रहे ।सभी विजेता को अतिथियों के द्वारा पारितोषिक रूप में ?250 की राशि का लिफाफा दिया गया।इशरमण्ड के युवाओं के गैर नृत्य से प्रभावित होकर मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी कान सिंह चौहान ने ?2500 की पारितोषिक राशि प्रदान की गई ।कार्यक्रम के इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान ,पूर्व जिला अध्यक्ष भंवरलाल शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष रमेश कंसारा ,नगर अध्यक्ष राजेंद्र सेठिया, देवगढ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कैलाश गर्ग ,राणा कुम्भा मंडल अध्यक्ष किशन गुर्जर, पार्षद आरती कच्छावा ,महामंत्री डॉ.लविषा शर्मा उप प्रधान गहरी लाल,पूर्व जिला परिषद सदस्य हीरा कंवर काछबली ,जीरन सरपंच चंद्रभान सिंह, पार्षद अर्जुन गवारिया, राजेंद्र कंसारा पार्षद अर्जुन गुर्जर पार्षद, शंकर गुर्जर महामंत्री ग्रामीण मंडल ,आर पी हरीसिंह ,लक्ष्मी नारायण, दीपेश कुमार ,प्रधानाचार्य भारती अरोड़ा, दिलीप कुमार उपप्रधानाचार्य दिलीप कुमार ,तोलाराम, चंद्रप्रकाश, घनश्यामसिंह , आदि उपस्थित रहे ।मंच का संचालन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नारायणसिंह काछबली , संगीता शर्मा वरिष्ठ अध्यापिका, देवेंद्र सिंह कच्छावा उपप्राचार्य ने किया।

**ह्यरिवाह 'तरुण तहिलियानी के दूसरे एडिशन' प्रस्तुत**

# तनिष्क का आधुनिक प्रगतिशील दुल्हन के सम्मान में पेश है नया कलेक्शन

♦भारत टाइम्स♦

**मुंबई।** सहयोग के शुभारंभ को मिली भारी सफलता के बाद, तनिष्क के एक्सक्लूसिव वेडिंग सब-ब्रांड रिवाह ने मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी के साथ विशेष सहयोग में ह्यरिवाह तरुण तहिलियानी के दूसरे एडिशन' की घोषणा की है। यह नया कलेक्शन आधुनिक भारतीय दुल्हनों यानी पारंपरिक मूल्यों को आधुनिकता में जोड़ने वाली सूत्रधार की पसंद के अनुरूप बनाया गया है। यह डिजाइन न केवल नयी पसंद और प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं, बल्कि प्रगतिशील भारतीय दुल्हन की कालातीत खूबसूरती और अनोखेपन का भी सम्मान करते हैं। तनिष्क की नाजुक कारीगरी और तरुण तहिलियानी के कला-कौशल ने इस साल के कलेक्शन में विरासत और आधुनिकता का मेल किया है। खूबसूरती, समृद्धि और पवित्र शुरूआत का प्रतीक फूलचादर और फेमिनिटी, सांस्कृतिक शान का प्रतीक ड्रेप स्टोरी इन दो थीम से प्रेरित होकर इस कलेक्शन में सोने पर



नाजुक कलाकारी की गयी है। कलियों से पूरे खिले हुए फूल तक के खूबसूरत फ्लोरल मोटिव और तरुण तहिलियानी के ड्रेप्स को फ्लूइड पैटर्न में नए ढंग से रचा गया है। इससे बना है यह शानदार कलेक्शन, जिसमें आधुनिक सिल्हट और पारंपरिक कला का मिलाप है, जो हर वेडिंग सीजन के लिए आधुनिक दुल्हनों को कालातीत शान प्रदान करता है। सुश्री रेवती कांत, चीफ डिजाइन ऑफिसर, टाइटन कंपनी लिमिटेड ने कहा,ऱ्हमारे पहले सहयोग को मिली सफलता के बाद अब रिवाह तरुण तहिलियानी वेडिंग कलेक्शन का दूसरा एडिशन प्रस्तुत करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। इसे हमें आधुनिक भारतीय दुल्हन के लिए बनाया है। तरुण तहिलियानी की सिग्नेचर एम्ब्रॉइडरी से प्रेरित होकर, कालातीत सुंदरता को आधुनिक पसंद के साथ जोड़कर इसे बनाया गया है। कलेक्शन का हर आभूषण बहुत ही बारीकी से बनाया गया है, इसमें हमारी अनोखी कारीगरी एम्ब्रॉइडरी को अलंकार का रूप देती है। दुल्हन के खास दिन को और भी शानदार बनाने के हमारे प्रयास इसमें दिखते हैं, यह आभूषण उसके प्रगतिशील फिर भी परंपरा से जुड़े व्यक्तित्व के अनुरूप हैं। नवंबर और दिसंबर रिवाह के लिए सबसे बड़ा वेडिंग सीजन है और इस साल शादियों के दिन पिछले साल के मुकाबले दुगुने हैं। भारतीय शादियों और फंक्शन्स के लिए सबसे पसंदीदा ज्वेलर के रूप में रिवाह का स्थान और भी मजबूत करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। हमारे अलग-अलग डिजाइन रिवाह की भारतीय वेडिंग ज्वेलरी मार्केट के लिए उत्कृष्टता को दर्शाते हैं।

# बालीपुर धाम के रामेंद्र चोयल सिर्वी का अग्निवीर थल सेना और सिग्नल कोर में चयन



♦भारत टाइम्स♦

**मनावर।** धार जिले के मनावर तहसील स्थित बालीपुर धाम के निवासी रामेंद्र चोयल सिर्वी ने भारतीय सेना में अपनी जगह बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रामेंद्र चोयल, मुकेश चोयल के सुपुत्र हैं, ने 12वीं तक की शिक्षा मनावर में प्राप्त की। उनके पिता मनावर में व्यवसायी हैं। रामेंद्र ने अपनी शिक्षा के साथ-साथ भारतीय सेना में भर्ती होने के अपने सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत की। श्री आई माताजी की कृपा और अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर उन्होंने 3 दिसंबर 2024 को अपनी ट्रेनिंग पूरी की और अग्निवीर थल सेना और सिग्नल कोर में चयनित हुए।

रामेंद्र ने जबलपुर के थल सेना और सिग्नल कोर ट्रेनिंग सेंटर में 7 महीने का कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया और अब वे सिग्नल कोर में तैनात हैं। उनका यह चयन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी कि कड़ी मेहनत और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# एकलव्य आदर्श आवासीय बालक/बालिका छात्रावास में बच्चों को सोना पड़ता है शौचालय में बालिकाओं पर रखी जा रही है सीसीटीवी से बुरी नजर -नरेन्द्र नाग अध्यक्ष बस्तर लोकसभा आप

♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर/छत्तीसगढ़। (गोलू मरकाम)।** एकलव्य आदर्श बालिका छात्रावास ओरछा में किशोरियों की निजता के अधिकार का हनन ,आम आदमी पार्टी की जांच टीम पहुंची एकलव्य आवासीय आदर्श कन्या छात्रावास ओरछा छोटेडोंगर-गीतेश्वरी बघेल जांच टीम की सदस्य लोकसभा सचिव दुर्ग आप एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालय ओरछा में हो रहा राजनीति संरक्षण में बड़ा भष्ट्राचार नेताओं के चहेते ठेकेदारों के सप्लायर खा रहे मलाई -सुरजीत ठाकुर जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी नारायणपुर आम आदमी पार्टी ने एकलव्य आवासीय आदर्श बालक/बालिका विद्यालय ओरछा का मामला उजागर किया बीजेपी



कांग्रेस एक दूसरे पर आरोप लगाकर ध्यान भटकाने में लगे हैं -महेर सिंह वट्टी प्रदेश अध्यक्ष एसटी विंग छत्तीसगढ़ नारायणपुर जिले के अबुझमाड़ के मुख्यालय ओरछा में एकलव्य आवासीय आदर्श कन्या छात्रावास छात्रावास पर किशोरियों बच्चियों के निजता के अधिकार का हनन हो रहा है जिसके जांच हेतु आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष माननीय गोपाल साहू जी के आदेश पर संजीत विश्वकर्मा के नेतृत्व में एक जांच कमिटी का गठन कर जांच का निर्देश दिया गया आज दिनांक 8 दिसंबर 2024 को एकलव्य आवासीय आदर्श कन्या/बालक छात्रावास का जांच करने टीम पहुंची तो प्राचार्य के द्वारा अंदर जाने से रोक दिया व अनुमति कलेक्टर से लेकर आने की बात कही जिसपर आम आदमी पार्टी की जांच टीम ने मेन गेट पर धरना प्रदर्शन में बैठ गये । प्राचार्य द्वारा अंदर जाने से यह कह कर रोका गया कि कलेक्टर की अनुमति नहीं है। और आम आदमी की जांच कमेटी को अंदर जाने से रोक दिया गया और जांच कमेटी की महिला पदाधिकारियों को भी टीम को भी बालिकाओं से मुलाकात करने से रोक दिया गया। जिसे साफ पता चलता है कि छात्रावास के अंदर बालिकाओं के रखरखाव की उचित व्यवस्था नहीं है। बालिकाओं की शिक्षा स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखा जा रहा है केंद्र सरकार के द्वारा बालिकाओं के मूलभूत सुविधाओं के लिए आए हुए बजट का बंदरबाट जिम्मेदार नेताओं के इशारे से उच्च अधिकारियों से लेकर जिम्मेदार एसी से लेकर मंडल संयोजक व जिम्मेदार कर्मचारी द्वारा मिलकर बड़ा भष्ट्राचार किया जा रहा है और शासन प्रशासन अपनी आंख मूंद कर बच्चों के अधिकारों का हनन होते हुए देख रही है बीजेपी सरकार की एक साल में शिक्षा नीति पुरी भष्ट्राचार में बर्बाद हो चुकी है इसका जिम्मेदार छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी है साथ ही स्थानीय विधायक केदार कश्यप जी है। इससे पहले भी दिनांक 3 दिसंबर 2024 को बस्तर लोकसभा अध्यक्ष नरेन्द्र नाग व आम आदमी पार्टी के स्थानीय टीम ने मुद्दे को उठाया था व शासन प्रशासन को इस मामले से अवगत कराया।

# यूपी के शहरी विकास मंत्री ए.के. शर्मा और राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से महाकुंभ 2025 के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित रहने का आमंत्रण दिया**




♦भारत टाइम्स♦

**गांधीनगर।** उत्तर प्रदेश के शहरी विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा और व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री कपिल देव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल से रविवार को गांधीनगर में शिष्टाचार मुलाकात की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की ओर से इन दोनों मंत्रियों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल से रूबरू मुलाकात कर उन्हें उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले वर्ष आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित रहने का आमंत्रण दिया।

# कानपुर में बोले सीएम आदित्यनाथ : जो अच्छा लगता हो उसका आचरण करके आगे बढ़ो

- सद्गुरु की परंपरा का आज भी हो रहा निर्वहन: योगी
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश और समाज के हित में जो उचित लगता हो उसका अनुसरण करके आगे बढ़ना चाहिए।

## हाथ पर हाथ रखकर बैठा नहीं रह सकता सच्चा योगी व संतः मुख्यमंत्री



♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई। कानपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश और समाज के हित में जो उचित लगता हो उसका अनुसरण करके आगे बढ़ना चाहिए। आज रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामा विश्वविद्यालय, मंधना के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। ऋषि मुनियों और धार्मिक ग्रंथो का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा- भारतीय दृष्टि देखिए कितनी महान थी। हमने सत्य के मार्ग पर चलने की बात कही है। यानी सत्य के साथ-साथ धर्म के मार्ग का अनुसरण करो। उन्होंने कहा- अगर दुनिया के अंदर धर्मों को किसी ने समझा है तो भारतीय ऋषियों ने समझा है।

उपासना तक सीमित नहीं रखा। किसी भी ऋषि ने ये नहीं कहा कि जो मैं कह रहा हूं वही सत्य है। आपकी मर्जी आप मेरी बात मानो या न मानो। देश और समाज के लिए जो अच्छा लगता हो उसका आचरण करके आगे बढ़ो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे यह भी कहा कि कोई भी भारत का सनातन धर्मावलंबी ये नहीं कह सकता है कि वह तभी हिन्दू है जब वह मंदिर जाएगा। जो जाएगा वह भी है और जो नहीं जाएगा वह भी है। कोई बाध्यता नहीं है उसके लिए। मैं वेदों को मानू न शानू, मैं शास्त्रों में विश्वास करूं न करूं। तभी मेरा हिन्दुज्म कही मुझसे भाग नहीं जा रहा है। वह तब भी हमें जोड़कर चल रहा है। उपासना विधि की भी चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि धर्म को हमने कभी उपासना विधि तक सीमित नहीं किया। किसी एक ईष्ट या एक ग्रंथ तक सीमित नहीं किया। उन्होंने कहा-आज भी हर एक भारतीय परिवार अपने घर में वैदिक ग्रंथ संजो कर रखता है। उसे पता है कि यह मेरी पहचान है।

उन्होंने धर्म को बहुत सूक्ष्म तत्व बताते हुए कहा कि उसे हर कोई नहीं समझ पाएगा। इसलिए जो भी हमारे महापुरुष कहें उनके मार्ग का अनुसरण करो। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट की भी चर्चा की और कहा कि डिजिटल अरेस्ट की बहुत शिकायत आ रही है। इसके लिए हमें जागरूक होना है। संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वह आम जनमानस को जागरूक करें।

## मेरी पहचान



लक्ष्मी सी मेरी पहचान।
देता देव और इंसान।।
भ्रमित कर स्वयं को
हर लेता इक दिन प्राण।।
मेरी ही कोख से निकल....
पलता वो वक्ष स्थल से....
खोट भर नैनों में फिर...
दामन भरता अश्रुजल से।।
कभी अग्नि में स्वाह तो
कभी पत्थर होना पड़ा ।।
कभी टुकड़े हुए हजार,
तो कभी बेघर होना पड़ा।।
क्रोध करूं या हास्य करूं।
या स्वयं का परिहास करूं।।
निर्णय तो करना होगा....
मौन रहूं या विनाश करूं।।
सोचती हूं उठा लूं कोरा कागज,
दिखा दूं अपनी कलम की ताकत
ताकि जन्में, जबझ जब
'कविता'...
'दिनकर' आकर छंदों से करें
स्वागत ।।

*शशि चंदन 'निर्झर'*

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जनकल्याण पर्व की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी। झाबुआ।** झाबुआ समत्व भवन भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता मे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान (11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025) एवं जनकल्याण पर्व (11 दिसम्बर 2024 से 26 दिसम्बर 2024) की तैयारियों के सम्बन्ध में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गयी। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार के महाआधारभूत स्तम्भ युवा, नारी, किसान तथा गरीब के कल्याण एवं विकास के लिए दृढ संकल्पित होकर प्रयास किया जाना है। अभियान में 26 जनवरी तक भारत सरकार एवं राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राहियों का शिविरों एवं संपर्क दलों के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं के शत-प्रतिशत सैचुरेशन कर हितलाभ प्रदान करने हेतु वंचित पात्र हितग्राहियों का घर-घर सर्वे कर चिन्हांकन करना है। जनकल्याण पर्व (11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर 2024):- जनकल्याण पर्व का शुभारम्भ गीता जयंती के अवसर पर




भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा। जनकल्याण पर्व के विभिन्न प्रस्तावित कार्यक्रम, विभिन्न विभागो की उपलब्धियों को परिलक्षित करते हुए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रत्येक दिनवार शेड्?यूल के अनुसार जिला मुख्यालयों पर सम्पन्न होंगे। अभियान के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जनप्रतिनिधीयों से चर्चा की मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया कि सभी जिला कलेक्टर्स शिविर क्षेत्रो का आँकलन कर एक तय शेड्?यूल निर्धारित करें, आपकी सरकार आपके द्वारह्व की अवधारणा को चरितार्थ करें जिससे मैदानी स्तर पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। जिला मुख्याल पर प्रभारी कलेक्टर प्रखर सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सौनल जसवंत भाबर, मेघनगर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ललिता मुकेश मुणीया, एवं सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी वीडियो कान्फ्रेसिंग में उपस्थित रहे।

## प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग का कार्य 20 दिसम्बर तक करें पूराः-डॉ. कमाल

♦भारत टाइम्स♦



**रजा सिद्दीकी। गया।** प्रखंड संसाधन केंद्र बांके बाजार में गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें प्रखंड के सभी प्राथमिक, मध्य,माध्यमिक एवं उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक /प्रभारी प्रधानाध्यापक बैठक में शामिल हुए ।इस मौके पर गुरुगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए राज्य प्रशिक्षक डॉ० सैयद मुस्तफा कमाल ने कहा की वर्ग 6 से 8 में विज्ञान एवं गणित शिक्षकों के द्वारा प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग का कार्य 20 दिसम्बर तक प्रधानाध्यापक पुरा कराने का प्रयास करें।मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गया सह प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी बांकेबाजार सैयद तारिक ने आपार आईडी का निर्माण,पीएम श्री में चयनित विद्यालय के द्वारा दिए गए कार्य,बिना आधार कार्ड वाले छात्रों का ईशिक्षाकोष पर इंट्री,अनामांकित/छिजित बच्चों का गृह वार सर्वेक्षण कर (उम्र 6-14 एवं 15-19 वर्ष के)बच्चो को विद्यालय आने हेतु प्रेरित करने,यू-डाइस प्रोग्रेसन, FLN/LEP टैगिंग,प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, डीबीटी से संबंधित 75% उपस्थिति दर्ज करने वाले बच्चों को निर्धारित समयानुसार E Shishakosh Portal पर yes और no करना,कम्पोजिट ग्रांट की राशि नियमानुसार दिनांक 15 दिसम्बर तक खर्च करना आदि बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही सम्बंधित कार्य में तेजी लाने हेतु विशेष निर्देश भी दिया गया।मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उदय कुमार ने बांकेबाजार ने बीएलओ के कार्यो पर चर्चा करते हुए बीएलओ को ससमय निष्ठा पूर्वक कार्य करने पर बल दिया।साथ ही बिहार विजन डॉक्यूमेंट 2047 नागरिक सर्वेक्षण पर चर्चा करते हुए उपस्थित सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को उपरोक्त सर्वे को ऑनलाइन पूरा करने का निर्देश दिया।मौके पर गुरुगोष्ठी में प्रखंड परियोजना प्रबंधक कौशल किशोर,प्रखण्ड लेखापाल मनीष कुमार,जिला तकनीकी टीम पीबीएल के सदस्य डॉ० सैयद मुस्तफा कमाल,आरटी नीतीश कुमार,बीआरपी शादाब हैदर,अजहर सुल्तान,सीताराम प्रसाद,ऑपरेटर निरंजन कुमार सक्सेना आदि मौजूद थे।

## साहित्यिक हिंदी को प्राथमिकता देते हुए मां सरस्वती राष्ट्रीय मंच पर भव्य तरीके से संपन्न हुआ काव्य गोष्ठी का कार्यक्रम

**प्रेरणा बुड़ाकोटी/ नई दिल्ली।** माँ सरस्वती राष्ट्रीय काव्य मंच भारत के पावन पुनीत पटल पर सभी साहित्यकार साहित्य समाज का दर्पण है, साहित्यकार अपनी रचनाओं में भावनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से विचारों को व्यक्त करता है और समाज को एक नई दिशा देने का काम करता है, इस मंच का उद्देश्य है कि हमारे साथियों की छुपी हुई भावनाओं को हम एक मंच देकर अभिव्यक्ति के अवसर उपलब्ध करायें,इसी को ध्यान में रखते हुए आगामी दिनांक 08/12/2024 रविवार अपना घर विषय पर आधारित काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। सहभागिता के लिए अनुभवी साहित्यकारों उपस्थित रहे। जिनके नाम इस प्रकार हैं; मुख्य अतिथि के रूप में श्री भारत भूषण वर्मा, अध्यक्ष मीरा सक्सेना माध्वी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ ऋषिका वर्मा, विशिष्ट अतिथि उर्मिला कुमारी, कार्यक्रम प्रचारक प्रेरणा बुड़ाकोटी, कार्यक्रम संरक्षिका श्रीमती माला सिंह, कार्यक्रम संयोजक एवं पटल सह संस्थापक अलंकरण अधिकारी श्री रतिराम गढ़ेवाल, पटल संस्थापक श्री महेश प्रसाद शर्मा , मंच संचालन सुनंदा गावंडे उपाध्यक्ष, शिल्पा अनुपम गुप्ता, डॉ राम निवास तिवारी, नीरजा वर्मा, डॉ कुमारी चंदा देवी, डॉ बी एल सैनी, डॉ निराला पाठक, डॉ महेश तिवारी, श्री पुहुप राम यदु मोपर, श्री मनीष कुमार शर्मा, मीरा सक्सेना माध्वी, डॉ अर्चना पाण्डेय भिलाई, श्रीमती बी यदु, श्री संजय जैन बीना, डॉ अम्बे कुमारी, डॉ ब्रजेन्द्र नारायण द्विवेदी, डॉ मधुसूदन तिवारी, डॉ देवी दीन अविनाशी, डॉ नताशा कुशवाहा नीति, नाहिदा शाहीन। कार्यक्रम में सभी की प्रस्तुति बहुत ही शानदार और प्रेरणादायक रही।

## महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल दबखेडी के वार्षिक उत्सव में पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरूण सिंगला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

♦भारत टाइम्स♦

**हरियाणा/हिसार (गरिमा)।** महाराजा अग्रसेन सिनियर पब्लिक स्कूल दबखेडी में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरूण सिंगला के रूप में शामिल हुए । कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन सिनियर पब्लिक स्कूल के सभी स्टाफ व अन्य गणमान्य व्यक्ति के साथ-साथ छात्र/छात्राये ने उत्सव में भागीदारी की। महाराजा अग्रसेन सिनियर पब्लिक स्कूल की प्रसिपल ने वार्षिक उत्सव पर प्रकाश डाला और उत्सव के मुख्य उद्देश्यो बारें में प्रकाश डाला और वार्षिक उत्सव के बारें में बताया। के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको



पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हेल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस तुरन्त करवाई करेगी है। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि महिला विरुद्ध अपराध पर रोक लग सकें। इसके बाद उन्होंने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लड? के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा। तभी हम इस अभिशाप को जड़ से खत्म कर सकते है। युवाओं को नशे की चपेट में आने से बचाने के लिए इस अभियान की शुरूआत की गई है। युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलवाई तथा आमजन को पुलिस द्वारा चलाये गये नशा मुक्त अभियान में जुडने की अपील की गई । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता काफी कम हैं। नियमों की पालना करके हम अपने साथ-साथ कई बेशकीमती जिंदगियों को दुर्घटना होने से बचा सकते हैं । जिस प्रकार सड़क हादसे तेजी बढ़ रहें हैं यह मानवजाति के लिए काफी दुखद और शर्मनाक है । उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में सबसे ज्यादा नुकसान युवा पीढ़ी का हो रहा है इसलिए हमें चाहिए कि यातायात नियमो की पालना चालान के डर से नहीं बल्कि जागरूकता का साथ करें। लोगों को हमेशा दोपहिया वाहन पर हेल्मेट पहनकर और कार व अन्य वाहन पर सीट बेल्ट बांधकर चलाना चाहिए। सड़क हादसों से बचने के लिए सभी यातायात नियमो की पालना व्यक्तिगत स्तर पर ही करनी होगी। इस अवसर पर पुलिस विभाग के तरफ से प्रवाचक उप निरीक्षक विशाल कुमार थाना केयूके एसएचओ निरीक्षक दिनेश कुमार व महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ अमिता शर्मा, एडमिन विकास बंसल, प्रधान श्री सत्यप्रकाश गुप्ता मैनेजर अनसुल बंसल व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ छात्र/छात्राये मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत उदयपुरिया के सरपंच ने अपने निजी पैसों से विधवा महिलाओं को 101 कंबल वितरित किया

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी। झाबुआ।** थांदला जनपद में आने वाली ग्राम पंचायत उदयपुरिया के सरपंच भारत कटारा ने रविवार को ग्राम पंचायत में विधवा महिलाओं को 101 कंबल वितरित किए गये सर्दी के मौसम में कंबल पाकर विधावा महिला काफी खुश नजर आयी एवं ग्राम पंचायत के सरपंच भारत कटारा ने बताया कि इस समय काफी ठंड है गरीबों के पास पर्याप्त संसाधन न होने से ठिठुर रहे ऐसे लोगो कि मैं मदद करके काफी खुश हूं मैं ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समय पर मदद पहुंचाई जा रही है कड़ाके की ठंड में असहयों की




सेवा ही मानवता की सेवा है ऐसा कार्य करने से जीवन में बहुत शांति मिलती है हमेशा समाज का भला हो यही विचार लेकर चले यही मेरा लक्ष्य है और आप सभी को भी यही संदेश दे रहा हूं आप भी गरीबों की मदद करें।

## किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने गया में किया अपने एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन

♦भारत टाइम्स♦

**गया।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने ज्वेलरी क्षेत्र में सफलता का आगाज करते हुए गया के स्वराजपुरी रोड स्थित अपने नए शोरूम का शानदार शुभारंभ किया जो पूरे देश में 59वां शोरूम है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी का गया स्थित यह बिहार का पांचवा शोरूम है। इस शोरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी, विशिष्ट अतिथि हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया, निदेशक पराग शाह एवं गया के फ्रैंचाइज पार्टनर नीलेश कुमार व अभय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के नए शोरूम के



उद्घाटन के लिए आज यहां उपस्थित होकर मुझे खुशी हो रही है। मुझे विश्वास है कि ग्राहक किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे, साथ ही वे इन नए शोरूम पर खरीदारी का शानदार अनुभव लेंगे और कंपनी द्वारा पेश किए गए आभूषण संग्रह की विविध रेंज का आनंद उठाएंगे।

शोरूम के भव्य उद्घाटन समारोह के अवसर पर ग्राहकों के लिये किसना द्वारा डायमंड ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत तक मेकिंग चार्ज की छूट दी जा रही है वहीं गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 15 प्रतिशत तक की भारी छूट मिल रही है। ग्राहकों के उत्साह को और बढ़ाते हुए किसना ने अबकी बार ग्राहकों के लिए शॉप एंड विन ए कार जैसे आकर्षक कैंपेन ऑफर लाएं हैं जिसमें 100 से अधिक कारों में से जीतने का मौका दिया गया है। ग्राहक 20 हजार या इससे अधिक कीमत वाले डायमंड, प्लेटिनम या सॉलिटेयर ज्वेलरी या 50 हजार या इससे अधिक कीमत वाले गोल्ड ज्वेलरी खरीदकर इसमें भाग ले सकते हैं।

इस अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि गया हमारी सफलता के सफर में एक खास स्थान रखता है। यह नया शोरूम बिहार के उपभोक्ताओं को बेजोड़ आभूषण और अनोखा अनुभव प्रदान करने के प्रति हमारे प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह विस्तार, हर घर किसना के हमारे विजन के अनुरूप किया गया है जहां हमारा उद्देश्य डायमंड ज्वेलरी के लिये हर महिला के सपने को साकार करते हुए भारत का तेजी से बढ़ता ज्वेलरी ब्रांड बनना है। इस मौके पर किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के निदेशक पराग शाह ने कहा कि शादी और त्योहारों के इस सीजन में हमें अपना पांचवां शोरूम लांच करते हुए बेहद खुशी हो रही। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अपने महत्वपूर्ण उपभोक्ताओं को उत्तम आभूषण संकलन के जरिये खुशी प्रदान करना है।

वहीं किसना के फ्रैंचाइज पार्टनर नीलेश कुमार एवं अभय कुमार ने उत्साहित होकर कहा कि किसना के साथ साझेदारी हमारे लिये गर्व का अनुभव रहा है। किसना का त्योहार के लिये आभूषण संग्रह, त्योहार की चमक को और भी बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। हमें इस शुभ अवसर पर स्थानीय लोगों के लिये इस खूबसूरत पेशकश को पेश करने की खुशी है। गौरतलब है कि समाज के लिये ब्रांड की अपनी प्रतिबद्धता के तहत उद्घाटन कार्यक्रम में पर्यावरण की सुरक्षा के लिये वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही किसना द्वारा जरूरतमंदों के बीच भोजन का भी वितरण किया गया।

## कलाकार पं मनीष शर्मा द्वारा कथक की प्रस्तुति हुई



♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** रविवार को दीन दयाल हस्तकला संकुल में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह ए बनारस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत मिजार्पुर के कलाकार पं मनीष शर्मा द्वारा कथक की प्रस्तुति हुई , कार्यक्रम का आरंभ शिव वंदना से जिसके बोल थे, आदि शम्भु उसके बाद पारम्परिक कथक नृत्य तत्पश्चात भाव गीत- जाओ कान्हा और अंत में दादरा जिसके बोल- करो न मोसे रार से कार्यक्रम का समापन किया।

तबले पर वाराणसी के प्रीतम मिश्रा और गायन व हार्मोनियम पर गौरव मिश्रा ने संगत किया कार्यक्रम का समन्वय रहा डॉ रत्नेश वर्मा का एवं कार्यक्रम का संचालन किया अंजना झा ने।इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ दीन दयाल हस्तकला संकुल परिवार की ओर से अजय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कलाकारों का स्वागत श्री गोपेश मौर्य सहायक निदेशक हस्तकला संकुल द्वारा किया गया। अंत में कलाकारों को प्रमाण पत्र प्रदान किया अजय श्रीवास्तव ने।